उज्जैन
सोमवार
13
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-250
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर को मिलेगा 300 बेड का आधुनिक जिला अस्पताल
7 इंग्लैंड दौरे के बाद भारत का कोचिंग स्टाफ बदलेगा




## जम्मू-कश्मीर और मणिपुर में भूकंप के झटके, बारामूला में 3.6 और कामजोंग में 3.9 तीव्रता रही

**जम्मू।** मणिपुर और जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, दोनों राज्यों में फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। मणिपुर के कामजोंग जिले में सुबह 6:32 बजे 3.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र 80 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र इंफाल से करीब 31 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में स्थित था। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रात 2 बजे 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। फरवरी में भी बारामूला में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र पट्टन क्षेत्र था।

## रूस-ईरान ने क्रिप्टो में 9.92 लाख करोड़ का व्यापार किया

**कीव।** रूस, ईरान और उत्तर कोरिया ने दुनिया की बैंकिंग व्यवस्था से अलग क्रिप्टो के जरिए एक समानांतर भुगतान सिस्टम खड़ा कर लिया है। क्रिप्टो लेनदेन पर नजर रखने वाली संस्था चेनालिसिस के मुताबिक, 2025 में इन्होंने क्रिप्टो के जरिए 9.92 लाख करोड़ का लेनदेन किया है। यह 2024 के मुकाबले 8 गुना ज्यादा है। ये देश इस रकम का इस्तेमाल सिर्फ ट्रेड या बचत के लिए नहीं, बल्कि ड्रोन, हथियारों के पुर्जे, सैन्य तकनीक व तेल के भुगतान में कर रहे हैं। रूस ने रूबल से जुड़ा ई75 टोकन तैयार किया। इसमें रूस में रूबल देकर विदेश में क्रिप्टो से बदला जा सकता है। मई तक इसमें 11.4 लाख करोड़ के लेनदेन हो चुके हैं। नेटवर्क में 41 हजार से ज्यादा खाते व 2.5 लाख ट्रांसफर दर्ज हुए।

## वियतनाम में 15 भारतीयों की मौत के बाद बोट-कैप्टन गिरफ्तार

**हनोई।** वियतनाम में शनिवार को भारतीय पर्यटकों से भरी स्पीडबोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत के बाद स्पीडबोट कैप्टन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर केस दर्ज किया गया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भारतीय टूरिस्ट लावा मोबाइल के चैनल पार्टनर और कर्मचारी थे। सभी कंपनी के टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए आयोजित रिवॉर्ड ट्रिप पर वियतनाम गए थे। कई पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्हें हादसे की पहली जानकारी टीवी चैनलों या दोस्तों के फोन से मिली। इसके बाद भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन ने उनसे संपर्क किया। कई परिवार अब भी अपने परिजन के पार्थिव शरीर के भारत पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

## मुंबई के ताज महल पैलेस होटल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के दक्षिण इलाके कोलाबा में स्थित प्रतिष्ठित ताज महल पैलेस होटल में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रबंधन को होटल परिसर में बम होने की धमकी भरा एक फोन कॉल प्राप्त हुआ। इस संवेदनशील सूचना के मिलते ही मुंबई पुलिस, आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हाई-अलर्ट पर आ गईं। एहतियात के तौर पर होटल के मेहमानों, स्टाफ और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे परिसर को घेरकर एक सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, धमकी देने वाले अज्ञात कॉलर को ट्रेस करने के लिए तकनीकी विंग ने भी समानांतर जांच शुरू कर दी है।

## एमपी: लाड़ली बहना योजना की 38वीं किस्त जारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 जुलाई को भिंड जिले के लहार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1,500 रुपये की राशि भेजी गई। मुख्यमंत्री ने मंच से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ राशि ट्रांसफर की। मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का संचालन कर रही है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है।

# बैंकॉक के बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत

## पार्टी कर रहे 63 से ज्यादा लोग घायल, जान बचाने के लिए लोग टॉयलेट में छिपे, लेकिन दम घुटने से मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैंकॉक

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है।

सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था।

घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया। उन्होंने बताया कि कई लोग जान बचाने के लिए इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद टॉयलेट में घुस गए, जहां पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी शव बरामद किए गए हैं।



### अग्निकांड पर क्या बोले थाईलैंड के प्रधानमंत्री?

थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीरकुल ने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा कि हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है और कई घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### दमकल ने आधे घंटे में पाया नियंत्रण

अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को लगभग 30 मिनट लगे। हादसे के बाद की तस्वीरों में पब के अंदर जली हुई मेज-कुर्सियां और बुरी तरह क्षतिग्रस्त ढांचा दिखाई दे रहा है। फिलहाल अधिकारी बैंकॉक के ताजा हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं। मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

# बालाघाट प्रकरण: एफसीआई के चावल की हेराफेरी में राज्य सरकार का कोई संबंध नहीं

## एथेनॉल उत्पादन योजना केंद्र सरकार की व्यवस्था, राज्य स्तरीय संस्थाओं की नहीं कोई भागीदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्पष्ट किया है कि बालाघाट जिले में एथेनॉल उत्पादन हेतु भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा प्रदाय किए गए चावल की कथित हेराफेरी के मामले में मध्यप्रदेश खाद्य विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम की न तो कोई भूमिका है और न ही उनका इस प्रकरण से कोई संबंध है।

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि एथेनॉल उत्पादन योजना भारत सरकार की योजना है। इसके अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम द्वारा भारत सरकार की निर्धारित दरों पर एथेनॉल निर्माता कंपनियों को चावल उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात एथेनॉल निमार्ता भारत सरकार की तेल विपणन कंपनियों को एथेनॉल की आपूर्ति करते हैं। इस संपूर्ण व्यवस्था में चावल का आवंटन, मूल्य निर्धारण, परिवहन एवं संचालन संबंधी सभी प्रक्रियाएं केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा संचालित की जाती हैं। राज्य सरकार अथवा उसकी किसी संस्था की इसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती।

उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले में प्राप्त शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच में एफसीआई द्वारा एवीजे एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड, बोरगांव (जिला छिंदवाड़ा) को एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रदाय किया गया 242.55 क्विंटल (490 बोरी) चावल ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेडी 3147 में संचेती राइस मिल, वारासिवनी (जिला बालाघाट) के परिसर में पाया गया। प्रथम दृष्टया चावल के व्यपवर्तन की पुष्टि होने पर एवीजे एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि तथा संचेती राइस मिल के संचालक के विरुद्ध वारासिवनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। राज्य सरकार पुलिस जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

### राज्य सरकार के किसी विभाग से जोड़ना पूरी तरह भ्रामक

राजपूत ने कहा कि प्रारंभिक जांच में एथेनॉल उत्पादन के लिए एफसीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए टीटी चावल की कथित हेराफेरी में संबंधित एथेनॉल निर्माता कंपनी एवं राइस मिलर की भूमिका सामने आई है। इसलिए इस प्रकरण को खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग से जोड़ना पूरी तरह भ्रामक एवं तथ्यहीन है। राजपूत ने कहा कि एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रदाय किए जाने वाले चावल में होने वाली किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखकर अविलंब कार्रवाई का अनुरोध किया है। खाद्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। जो भी व्यक्ति अथवा संस्था दोषी पाई जाएगी, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# ई-रिक्शा चालक के खाते में पहुंचे 759 करोड़ रुपये

## बैंक मैसेज देखकर परिवार समेत पूरा मोहल्ला रह गया हैरान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

बिहार के गया शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक साधारण ई-रिक्शा चालक के बैंक खाते में अचानक करीब 759 करोड़ रुपये की राशि दिखाई देने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मोबाइल पर आए बैंक बैलेंस के संदेश में खाते में 7,596,951,951.16 (करीब 759 करोड़ 69 लाख रुपये) उपलब्ध होने की जानकारी दिखाई दी। इतनी बड़ी रकम देखकर खाताधारक और उसका परिवार हैरान रह गया। फिलहाल बैंक ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही है और खाताधारक को सोमवार को शाखा में बुलाया गया है।

जानकारी के अनुसार डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी मोहल्ला निवासी शिव कुमार पटेल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी भी हैं। शनिवार को वह अपनी पेंशन की राशि निकालने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे थे। वहां बायोमेट्रिक प्रक्रिया के माध्यम से उन्होंने 1,100 रुपये निकाले। निकासी के तुरंत बाद मोबाइल नंबर पर एसएमएस आया। संदेश में खाते का उपलब्ध बैलेंस 7,596,951,951.16 दर्शाया गया। बैंक प्रबंधन का कहना है कि खाते की तकनीकी और वित्तीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह वास्तविक लेनदेन है या फिर बैंकिंग सिस्टम में किसी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी के कारण बैलेंस गलत प्रदर्शित हुआ है।



# फर्जी जॉइनिंग लेटर से खुला बड़ा खेल

## आरपीएफ में दारोगा बनाने का झांसा देकर 14 लाख की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामलों के बीच ग्वालियर में एक और बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। शहर के थाटीपुर क्षेत्र में रहने वाली एक नर्सिंग ऑफिसर से उनके बेटे और बेटी को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में दारोगा बनवाने का झांसा देकर 14 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपितों ने दोनों युवाओं को फर्जी नियुक्ति पत्र भी सौंप दिए. जब भाई-बहन नियुक्ति पत्र लेकर बिहार के दानापुर स्थित आरपीएफ पोस्ट पर ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे, तब पूरे फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र स्थित सिविल डिस्पेंसरी के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाली चंद्रलेखा सिंह डिस्पेंसरी में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। कुछ समय पहले विक्रम राणा नाम का व्यक्ति अपने परिवार की एक महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल लेकर आया था। इसी दौरान उसकी पहचान चंद्रलेखा से हुई। बाद में दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और विक्रम को यह जानकारी मिली कि चंद्रलेखा का बेटा सिद्धार्थ और बेटी स्वाती सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं।

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 2 हाईवे समेत 126 सड़कें बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में ही अच्छी बारिश हो रही है। हालांकि, आज बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 18 राज्यों के लिए बारिश का रेड अलर्ट है।

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हुई है। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे रविवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। तवाघाट-गुंजी हाईवे भी मलबा आने से बंद है।



दिल्ली में यमुना में 4 बच्चे बहे

हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में रविवार को यमुना नदी में नहाने गए 4 बच्चे तेज बहाव में बह गए। देर रात तक चले सर्च ऑपरेशन में 2 बच्चों के शव बरामद किए गए।

मौसम विभाग ने आज यूपी, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिहार में पटना समेत 19 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 6-7 दिनों तक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के कई इलाकों में अच्छी बारिश जारी रह सकती है।

## नीट यूजी, सीबीएसई एग्जाम में गड़बड़ी पेपर लीक, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर एमपी कांग्रेस इंदौर से भोपाल तक साइक्लोथॉन यानी साइकिल यात्रा कल से

# जीतू पटवारी दो दिन में करेंगे 200 किमी की साइकिल यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

नीट यूजी की परीक्षा, सीबीएसई एग्जाम में गड़बड़ी पेपर लीक बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर एमपी कांग्रेस इंदौर से भोपाल तक साइक्लोथॉन यानी साइकिल यात्रा निकालने जा रही है। एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद इस पूरी यात्रा का नेतृत्व करते हुए साइकिल चलाते हुए दो दिनों में इंदौर से भोपाल तक का सफर तय करेंगे।

**इंदौर में आरएनटी मार्ग से शुरू होगी यात्रा-** 14 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे इंदौर के डीएवीवी के करीब आरएनटी (रवीन्द्र नाथ टैगोर) मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इंदौर में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स का यह सबसे बड़ा सेंटर है। कांग्रेस यहां से छात्रों की समस्याओं और सरकार की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे पेपर लीक को लेकर बड़ा संदेश देगी।

**हर जिले में 500 साइकिल यात्री जुड़ेंगे-** इंदौर से भोपाल तक रास्ते में पड़ने वाले हर जिले से 500 साइकिल यात्री इस यात्रा में जुड़ेंगे। इंदौर, देवास, सीहोर और भोपाल जिले को मिलाकर दो हजार से ज्यादा साइकिल यात्रियों के साथ जीतू पटवारी भोपाल पहुंचेंगे।



## रास्ते के हर जिले में 500 साइकिल यात्री जुड़ेंगे...युवाओं और छात्रों से संवाद करेंगे

**स्थाई साइकिल यात्रियों की लिस्ट बन रही-** इंदौर से लेकर भोपाल तक जीतू पटवारी के साथ आने वाले स्थाई साइकिल यात्रियों की लिस्ट बन रही है। इंदौर के साइकिल रेसर ग्रुप, फिटनेस क्लब के मेंबर्स भी इस यात्रा में साथ आएंगे।

**आष्टा में होगा रात्रि विश्राम-** इंदौर से चलने के बाद पहले दिन की यात्रा का विश्राम सीहोर जिले के आष्टा कस्बे के गोकुलधाम मैरिज गार्डन में होगा। इसके अगले दिन यानी 15 जुलाई को कोठरी कस्बे से फिर साइकिल यात्रा शुरू होगी।

### भोपाल में व्यापंम पर समापन होगा, प्रशासन नहीं दे रहा मंजूरी

यात्रा के समन्वयक आनंद जाट ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की यह मंशा है कि इंदौर में शिक्षा के केन्द्र आरएनटी मार्ग ये छात्रों के बीच संवाद करके यह यात्रा शुरू हो और मप्र में जिस व्यापमं नाम की संस्था ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। उस व्यापमं चौराहे पर इसका समापन हो। लेकिन प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। भोपाल में हमने व्यापंम चौराहा, लिली टॉकीज चौराहा, इमामी गेट विकल्प के तौर पर समापन कार्यक्रम के लिए बताए हैं लेकिन प्रशासन मोतिया तालाब के सामने अनुमति दे रहा है। जहां पर हमादिया अस्पताल सहित बहुत सारे निजी हॉस्पिटल भी संचालित हैं। ऐसे में वहां मरीजों और एंबुलेंस को आने जाने में दिक्कत होगी।

### जीतू बोले: केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन मिले

जीतू पटवारी ने कहा- 25 साल की भाजपा सरकार के बाद और देश की आजादी के 80 साल के बाद ये नया विचार जन्म लेना चाहिए कि सबके लिए अच्छी और मुफ़्त शिक्षा हो। केजी से पीजी तक अनिवार्य और फ्री एजुकेशन हो। ये एक नया गैर राजनीतिक विचार है। राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम शुरू किया। इसका संदेश है कि अच्छी सुरक्षित शिक्षा मिले, एग्जाम और प्रोफेशनल एग्जामिनेशन में पारदर्शिता आए। नीट की परीक्षा में जो धांधली हो रही है वो रूके ये देश का विषय है। इन मुद्दों को लेकर युवाओं को यह संदेश देना है और अभिभावकों से बातचीत करना इस साइक्लोथॉन का मूल उद्देश्य है। पीसीसी चीफ ने कहा- प्रदेश में हर बीजेपी का नेता पेपर माफिया नहीं हैं लेकिन जहां पेपर लीक होते हैं वहां बीजेपी के नेता ही क्यों आते हैं। हर मंदिर में चोरी नहीं होती लेकिन जिस मंदिर में चोरी होती है वहां बीजेपी और आरएसएस के लोग ही क्यों सामने आते हैं? जब भ्रष्टाचार की बात आती है तो भाजपा के नेता और मंत्री ही क्यों सामने आते हैं? ये सवाल प्रदेश के सामने हैं तो उसका जवाब मुख्यमंत्री और सरकार को देना पड़ेगा।

## खबर एक नजर...

### पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास के नाम पर होगा महाकाल-हरसिद्धि मार्ग

**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ को देखते हुए शहर में चल रहे विकास और सड़क चौड़ीकरण के कार्यों के बीच प्रशासन महाकाल से हरसिद्धि मार्ग का नामकरण ज्योतिर्विद्या के प्रख्यात विद्वान पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास के नाम पर करने जा रहा है। इसी सिलसिले में श्री महाकालेश्वर मंदिर के समीप स्थित भारती भवन के सामने की कुछ जमीन पं. व्यास के सुपुत्र राजशेखर व्यास ने प्रशासन को निःशुल्क प्रदान करने की सहमति दी है। अखिल भारतीय कालिदास परिषद के अध्यक्ष राजशेखर व्यास ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की शहर विकास योजनाओं में सभी लोग सहयोग कर रहे हैं। भारती भवन के हिस्से की जमीन सड़क चौड़ीकरण के लिए निःशुल्क प्रदान कर वे भी इस विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शहर के विकास के लिए कृतसंकल्पित रहे पं. सूर्यनारायण व्यास का आधुनिक उज्जयिनी के स्वरूप में अहम योगदान रहा है। आजादी के बाद उज्जैन को विक्रम विश्वविद्यालय और विक्रम कीर्ति मंदिर जैसी सौगातें उन्होंने ही दी थीं। वर्ष 1928 में अखिल भारतीय कालिदास समारोह का आरंभ करने के साथ ही बाद में सिंधिया शोध प्रतिष्ठान और कालिदास अकादमी जैसी सांस्कृतिक संस्थाएं भी स्थापित कीं। महाकाल के महान भक्त पं. व्यास ने मंदिर में शंख द्वार, चांदी द्वार और मोजेक टाइल्स लगवाने के अलावा क्षिप्रा द्वार तथा बोहरा वार्ड में बच्चों का अस्पताल भी बनवाया था।

### आईडीए ने दीप ज्योति सेवा उद्यान में किया पौधारोपण, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा ने अहिल्या नगर स्थित दीप ज्योति सेवा उद्यान में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल उपस्थित रहे। डॉ. पटेल ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में एसोसिएशन के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी अभियान समाज को प्रकृति बचाने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. शुभम करोड़े ने बताया कि कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल, डॉ. दिनेश इंडेरिया, डॉ. प्रिंस कुशवाह और डॉ. अर्चना कटारिया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज से भी इस दिशा में सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में छात्र-छात्राओं को बांटी शिक्षण सामग्री

**उज्जैन।** सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक और क्रांतिकारी पत्रकार शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में विचार गोष्ठी तथा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा आगर रोड अहमदनगर स्थित माहेनूर हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी-किताब और पेन वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् सादिक मंसूरी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने सांप्रदायिक सौहार्द और मानवता की रक्षा करते हुए कानपुर दंगों में हजारों लोगों की जान बचाई और अपने प्राणों की आहुति दे दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा था कि विद्यार्थी का बलिदान देश की एकता और अखंडता में सीमेंट का काम करेगा। मुख्य अतिथि व समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने कहा कि वे एक निर्भीक पत्रकार, लेखक और महान व्यक्तित्व के धनी थे। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भुला पाएगा।

### देवास-उज्जैन-फतेहाबाद होते हुए जैसलमेर तक चले इंदौर-जोधपुर ट्रेन

**उज्जैन।** इंदौर-जोधपुर ट्रेन को वाया देवास-उज्जैन-फतेहाबाद होते हुए जैसलमेर तक चलाने की मांग उठी है। इसे लेकर उज्जैन पुष्करणा ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में शहर के विभिन्न राजस्थानी समाजजनों ने सांसद अनिल फिरोजिया से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने इस मांग को उचित बताते हुए शीघ्र कार्य करवाने का आश्वासन दिया है। पुष्करणा ब्राह्मण समाज के आनंद पुरोहित ने बताया कि उज्जैन में लगभग 5 हजार राजस्थानी परिवार निवास करते हैं। इनका अधिकांश बार रामदेवरा, पोकरण, फलोदी और जैसलमेर आवागमन होता रहता है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस ट्रेन को जोधपुर से जैसलमेर तक विस्तारित करने का आग्रह किया गया है ताकि समाजजनों और श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान पुष्करणा ब्राह्मण समाज के सत्यनारायण व्यास, जुगल केवलिया, सुनील व्यास, विजय केवलिया, अरुण केवलिया, भगवान पुरोहित, आनंद व्यास और अभिलाष व्यास उपस्थित थे। इस मांग पत्र पर मारवाड़ी माहेश्वरी समाज से भरत माहेश्वरी व राजेश पालोड, नागर ब्राह्मण परिषद व हाटकेश्वर न्यास से लव मेहता व संतोष जोशी, अ. भा. बैरवा महासभा से सुरेंद्र मरमट, मारवाड़ी स्वर्णकार समाज से अरविंद वर्मा और मालवांचल रेल यात्रा विकास परिषद के प्रतिनिधियों ने भी हस्ताक्षर कर समर्थन दिया है।

# मुनि प्रणीत सागर महाराज का मंगल प्रवेश, चातुर्मास सिखाएगा जीवन का लक्ष्य

## पार्श्वनाथ पंचायती मंदिर से शांतिनाथ मंदिर तक निकला चल समारोह, विधायक कालूखेड़ा ने की भव्य सामूहिक क्षमावाणी की घोषणा





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज का चातुर्मास 2026 के लिए शहर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सुबह 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह प्रमुख मार्गों से होते हुए सेठी नगर-लक्ष्मी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। यहां धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि यह चातुर्मास हमें सिखाएगा कि हमारा लक्ष्य क्या है और देव, शास्त्र, गुरु की आराधना कैसे करनी है। मैं भगवान आत्मा हूं और भविष्य का परमात्मा हूं। इस भगवान आत्मा को परमात्मा कैसे बनाएं, यही हमें सीखना है। यदि मनुष्य धर्म अनुष्ठान को साध्य रूप से स्वीकारता है, तो वहीं से उसके जीवन की सार्थकता है और वही परमात्मा बन सकता है।

मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि चल समारोह में सबसे आगे बच्चे घोड़े पर धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। पीछे बैंड-बाजे और केसरिया वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थीं। मुनिश्री के पीछे पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में जयकारे लगाते हुए चल रहा था। पूरे मार्ग में समाजजनों व उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने जगह-जगह मुनिश्री की आरती व पद प्रक्षालन किया।

शांतिनाथ मंदिर में दर्शन के बाद आयोजित धर्मसभा में शहर के सभी जैन मंदिरों के अध्यक्ष, सचिव व वरिष्ठजनों सहित बाहर से आए अतिथियों ने मुनिश्री को श्रीफल समर्पित किया। पद प्रक्षालन कर उन्हें जिनवाणी भेंट की गई। इसके पश्चात प्रवचन और आहार चर्या संपन्न हुई।

चातुर्मास के लिए वर्षा योग समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य संयोजक मनोज जैन वकील, सह-संयोजक अशोक जैन व लोकेश छाबड़ा और कोषाध्यक्ष धवल डोशी को बनाया गया है। शीघ्र ही अन्य समितियां बनाई जाएंगी। चातुर्मास की कलश स्थापना के साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को कलश की श्रेणी के वितरण के अनुसार दायित्व सौंपे जाएंगे।

## स्टेट शॉटगन शूटिंग में उज्जैन के निशानेबाजों का दबदबा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भोपाल में आयोजित 16वीं मध्य प्रदेश स्टेट शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने लगातार छठे साल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना दबदबा कायम रखा है। प्रतियोगिता के डबल ट्रैप में मानवीर सिंह बेस ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं सिंगल ट्रैप में उन्होंने लगातार छठी बार प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है।

प्रतियोगिता की सिंगल ट्रैप पुरुष श्रेणी में अभिषेक राठौर ने रजत पदक जीता। युवा निशानेबाज दिव्य रतन लालगढ़ ने ट्रैप स्पर्धा के जूनियर और यूथ दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किए। इसके अलावा क्रिस्टोफर गुरांडे ने डबल ट्रैप की मास्टर कैटेगरी और केनथ गुरांडे ने यूथ कैटेगरी में आगामी प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। चयनित सभी खिलाड़ी अब प्री-नेशनल में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**कलेक्टर का माना आभार-** खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर संस्था के कोच अक्षय सिंह, कार्तिक तोमर, पूर्व पार्षद सुनील बोरासी, श्याम बोरासी और हनुमंत सिंह लालगढ़ ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए जिला कलेक्टर रोशन सिंह का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सम्राट विक्रमादित्य विवि पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री, छात्रों के स्टार्टअप और नवाचार को सराहा

### बिजनेस एंड इनक्यूबेशन सेल की बैठक में हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों के नवाचारी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के बिजनेस एंड इनक्यूबेशन सेल की बैठक में स्टार्टअप संचालित कर रहे छात्रों से सीधा संवाद किया। मंत्री ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर और उद्यमशील बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

भ्रमण के दौरान मंत्री परमार ने विद्यार्थियों द्वारा शुरू किए गए अभिनव स्टार्टअप्स ओम नक्षत्र सोलर प्लैनेट प्राइवेट लिमिटेड, कोड-डी-कोड, जल लक्ष्मी, पोषण पात्र, निर्मल निर्माण और सीसो के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि नवाचार और कौशल का यही समन्वय प्रदेश के युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाएगा।

कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उद्यमशीलता को तराशना है। इनक्यूबेशन सेल के जरिए छात्रों को उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। पोषण पात्र, जल लक्ष्मी और कोड-डी-कोड जैसे प्रोजेक्ट्स यह साबित कर रहे हैं कि हमारे छात्र समाज की समस्याओं का समाधान खोजने में पूरी तरह सक्षम हैं। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। छात्रों को अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। ओम नक्षत्र सोलर प्लैनेट जैसी पहल भविष्य में अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का काम करेंगी।

## सिंहस्थ महाकुंभ में विशेष कैंप लगाएगा नार्मदीय ब्राह्मण समाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की पहली कार्यकारिणी बैठक महानंदा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए समाजजनों ने उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में समाज का एक विशेष कैंप लगाने का संकल्प लिया।

बैठक में महासभा के अध्यक्ष राजेश बड़ोले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। इस अवसर पर इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महासभा के महामंत्री मुकेश शर्मा, पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष जेपी शर्मा और महासभा के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष सुभाष महोदय प्रमुख रूप से शामिल हुए। अध्यक्ष राजेश बडोले ने देशभर से आए विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों और अध्यक्षों को संबोधित करते हुए समाज के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के विकास में महिलाओं और युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## गुरुद्वारा सुख सागर में 'वाहेगुरु जाप लिखन भगती लहर, बच्चों ने लिया भाग

### बाबा दीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट अमृतसर द्वारा आयोजन, लकी ड्रॉ से तीन बच्चों को मिले चांदी के मेडल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुख सागर में धन-धन बाबा दीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट अमृतसर साहिब द्वारा 'वाहेगुरु जाप लिखन भगती लहर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत शहर के लगभग 50 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया और उत्साह से भाग लिया। अमृतसर से आए ट्रस्ट के मुखी भाई जगप्रीत सिंह और भाई जसपाल सिंह ने अतिथियों के साथ बच्चों को पुरस्कृत किया।

उज्जैन प्रभारी बीबा अमृत कौर मुछाल ने बताया कि प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार तीन ग्रुप बनाकर सिलेबस दिया गया था। कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। लकी ड्रॉ के माध्यम से गुरनेक सिंह, प्रियांश मलिक और नैंसी कौर मुछाल को चांदी के मेडल से नवाजा गया। इसके साथ ही, गुरप्रीत सिंह दुआ और मुछाल परिवार के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हर परिवार को यूएसबी स्पीकर भेंट किए गए। इनमें सिमरन, नितनेम और संपूर्ण गुरु ग्रंथ साहिब की गुरबाणी सहित 300 घंटे का गुरमत खजाना मौजूद है।

### इनकी रही उपस्थिति और सहयोग

कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक चरणजीत सिंह कालरा, नीलम राजा कालरा, दलजीत सिंह गांधी और मनजीत सिंह डंग के सहयोग से किया गया। उज्जैन में कार्यक्रम की व्यवस्था बीबा अमृत कौर मुछाल और दिलप्रीत सिंह ने संभाली। मुख्य अतिथि के रूप में अलका सुरेंद्र अरोरा, जसबीर कौर चावला, बलबीर सिंह मक्कड़, हरदीप सिंह सलूजा, बलविंदर सिंह नील, सतनाम सिंह गांधी, अमित चावला, सुरेंद्र कौर टुटेजा और हरजीत सिंह मुछाल उपस्थित रहे।

## वेतन और ईपीएफ मांगने पर ज्ञानोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य ने दी जातिसूचक गालियां

### कर्मचारी संगठनों ने विभागीय उपायुक्त कार्यालय में सौंपा ज्ञापन, एट्रोसिटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करने की उठाई मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर की प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने का गंभीर आरोप लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब उन्होंने कलेक्टर दर से वेतन और ईपीएफ जैसी जायज मांगें रखीं, तो प्रभारी प्राचार्य भड़क गईं और उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। इस मामले में कर्मचारी संगठनों ने जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विभाग के संभागीय उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर प्राचार्य पर एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने और पद से हटाने की मांग की है।

हक मांगने पर दीं गालियां, कर्मचारियों में भारी रोष

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्ञानोदय विद्यालय के कर्मचारियों ने शासन के नियमानुसार 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर नियमितीकरण, नियमित वेतनमान, कलेक्टर दर से वेतन और ईपीएफ कटौती की मांग रखी थी। आरोप है कि इस पर प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा नाराज हो गईं। जब कर्मचारियों ने उन्हें जातिसूचक शब्द बोलने से मना किया, तो उन्होंने अभद्रता करते हुए कहा कि भंगी, चमार, बलाई मेरा क्या कर लोगे। इस व्यवहार से आहत कर्मचारियों ने कर्मचारी संगठनों को अपनी पीड़ा बताई। कर्मचारियों का कहना है कि रोज-रोज की इस मानसिक प्रताड़ना के कारण यदि कोई कर्मचारी आत्महत्या जैसा कदम उठाता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य की होगी।

घटना के विरोध में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी और वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नियोजन अधिकारी लोकेन्द्र शास्त्री को ज्ञापन सौंपा। संघ ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि संध्या शर्मा पर एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें प्रभारी प्राचार्य के पद से तत्काल हटाया जाए, जिससे कर्मचारियों को उनका हक मिल सके

## यादव समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा

### यादव समाज की बैठक में सुझाव लेकर चल समारोह और नंद उत्सव आयोजन की तैयारी पर चर्चा की गई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

यादव अहीर महासभा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव जन्माष्ठमी पर्व 4 सितंबर को यादव समाज जनों का भव्य चल समारोह आयोजित किया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व पर यादव समाज के चल समारोह को इस बार भव्य स्वरूप देने के लिए समाज के वरिष्ठ सदस्यों, युवाओं, महिला सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। वहीं चल समारोह के साथ ही महिला महासभा के माध्यम से नंद उत्सव का भव्य आयोजन करने के साथ ही जन्माष्टमी पर्व पर भजन कीर्तन व सांस्कृतिक आयोजन करने संबंधी सुझाव भी प्राप्त हुए है।

रविवार को नीलगंगा स्थित शिप्रा गार्डन पर यादव अहीर महासभा के नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव की अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव (4 सितंबर) पर निकलने वाले यादव अहीर समाज के चल समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने के पहले भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल जी का पूजन कर आरती सभी समाज जनों द्वारा की गई। महासभा के नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव ने कहा कि इस बार यादव समाज के साथ ही सम्पूर्ण सनातन धर्म को मानने वाले समाज जनों के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व को भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसके लिए दो पहले से ही आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जन्माष्टमी चल समारोह के लिए यादव समाज के प्रत्येक परिवार के साथ सर्व समाज को भी साथ जोड़ कर चल समारोह को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए अन्य आयोजन की रूपरेखा बनाई जा रही है।

बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित समाज जनों में श्री काशीप्रसाद यादव, श्री हरनाम सिंह यादव, डॉ. निश्चल यादव, यादव युवा संगठन के जिलाध्यक्ष श्री शैलेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष श्री पवन यादव, श्री पुष्कर यादव, श्रीमती शोभा यादव, श्री आरआर यादव, श्री शंकर यादव, श्रीमती प्रमिला यादव, श्री सतपाल सिंह यादव, श्री गोपाल यादव गिरधारी मंदिर, श्री सुशील यादव, श्रीमती प्रेमलता यादव सहित समाज के अन्य सदस्यों द्वारा चल समारोह और आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।बैठक के दौरान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व चल समारोह के लिए विभिन्न समितियों का निर्धारण करने, चल समारोह निकलने का मार्ग निर्धारित करने, विभिन्न कार्यक्रम आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

समाजजनों के साथ आगे भी बैठक कर सुझाव लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जमनालाल यादव, ओम यादव, शेखर यादव, आरआर यादव, श्याम लाल यादव, राजाराम यादव, तेजपाल यादव, नरेंद्र यादव, कृष्णा यादव, विजय सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, रीकेंश यादव, एलएन यादव, किरण यादव, राधा यादव, सीमा यादव, मधु यादव, सुशीला यादव, गीता यादव राखी यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के महिला, पुरूष सदस्य मौजूद थे।

## कैसरबाग कॉलोनी में बांटे 101 पौधे, 'एक पेड़-एक परिवार' अभियान के तहत हुआ आयोजन

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित कैसरबाग कॉलोनी में सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति द्वारा संचालित 'एक पेड़-एक परिवार' अभियान के तहत 101 पौधों का निःशुल्क वितरण कर पौधारोपण किया गया। समिति ने पूरे मध्य प्रदेश में 11 हजार पौधे बांटने और रोपने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री आनंद खींची ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण मिलेगा। विशिष्ट अतिथि ज्योतिषाचार्य महेंद्र व्यास ने भी पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का आह्वान किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर परिवार को वृक्षारोपण से जोड़ना है।

## मीणा समाज ने लिया 201 पौधे रोपने का संकल्प, 51 पौधों के साथ अभियान का श्रीगणेश

### लक्ष्य प्राप्ति तक जिलेभर में जारी रहेगा अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन की उज्जैन जिला इकाई ने जिले में 201 पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इस वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ रविवार को मंगलनाथ मार्ग सांदीपनि आश्रम के समीप स्थित बगलामुखी मंदिर और पंडित चैतन्य महाराज के आश्रम परिसर में 51 पौधे रोपकर किया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और जिला युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बगलामुखी मंदिर के पीठाधीश व ज्योतिर्विद पं. चैतन्य श्याम नारायण व्यास, रतन सिंह चांदा, भाजपा नेता बालमुकुंद मीणा और सामाजिक न्याय विभाग के राजेश मीणा बतौर विशेष अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों की मौजूदगी में समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सहेजने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा ने बताया कि 201 पौधों के रोपण का लक्ष्य पूरा होने तक संपूर्ण उज्जैन जिले में यह कार्यक्रम सतत जारी रहेगा। इस अवसर पर मीनेष प्रिंटर के संचालक सतीश चांदा, कोषाध्यक्ष पंकज चांदा, प्रो. उत्तम मीणा, प्रो. डॉ. अंकित मीणा, संजय मीणा चक, जगदीश मीणा इंदौर गेट, दीपक मीणा नानाखेड़ा, मुकेश मीणा, मधुरम मीणा, रमेश मीणा, राहुल चांदा, मोहित मीणा, सोनू मीणा, बाबूलाल मीणा, अभिषेक जरेडा, महेश सत्तावन, दुर्गा शंकर मीणा, महेश मीणा और शिवांश मीणा सहित कई प्रकृति प्रेमी समाजजन उपस्थित रहे और पौधारोपण में अपना सहयोग दिया।

उज्जैन
सोमवार
13
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम्।
श्रियं देवीमुप ह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

**अर्थः** जिन देवी के आगे घोड़े तथा उनके पीछे रथ रहते हैं तथा जो हस्तिनाद को सुनकर प्रमुदित होती हैं, उन्हीं श्रीदेवी का मैं आव्हान करता हूँ; लक्ष्मी देवी मुझे प्राप्त हों।

## खबर एक नजर...

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती:5710 अभ्यर्थी में से 2284 परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में रविवार को 6 विषयों के 148 पदों के लिए 5710 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से केवल 3426 ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 2284 अभ्यर्थी (40%) अनुपस्थित रहे। प्रदेशभर के अभ्यर्थियों के लिए सिर्फ इंदौर में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस भर्ती प्रक्रिया में पहली बार निगेटिव मार्किंग लागू की गई। सख्त जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। वर्ष 2025 की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा तीन चरणों में होगी, जिसके तहत 19 विषयों के कुल 1239 पद भरे जाएंगे। पहले चरण में संस्कृत के 34, योगिक साइंस के 3, लॉ के 17, जियोलॉजी के 10, जियोग्राफी के 74 और फिजियोलॉजी के 10 पद शामिल हैं। 2 अगस्त को फिर परीक्षा, इसमें पांच विषय अगले चरण में 2 अगस्त को कुल पांच विषयों के 345 पद रहेंगे। इसमें सबसे ज्यादा 88 पद कॉमर्स के हैं। इंग्लिश में 56, हिंदी में 57, समाजशास्त्र में 71 और पॉलिटिकल साइंस में 73 पद हैं। तीसरे चरण में फिजिक्स में 120, इकोनॉमिक्स में 72, कम्प्यूटर साइंस 29, गणित में 107 और जूलॉजी में 119 पद होंगे। बॉटनी में 125 तो केमेस्ट्री में 116 पद हैं। हिस्ट्री में 58 पद हैं।

### इंदौर में दोस्त पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

**इंदौर।** छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक मामले में फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने अपने दोस्त पर कमरे में आकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे मामले में एक शादीशुदा महिला ने युवक पर रास्ता रोककर हाथ पकड़ने और अश्लील हरकत करने की शिकायत दर्ज कराई है। हीरानगर थाना पुलिस के मुताबिक, फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने अपने दोस्त अवनीश यादव के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। युवती ने बताया कि वह पिछले चार साल से इंदौर में रह रही है। करीब एक साल पहले एक निजी कॉल सेंटर में इंटरव्यू के दौरान उसकी अवनीश से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। युवती के अनुसार, 9 जून को अवनीश ने व्हाट्सएप पर उसका पता पूछा। सामान्य बातचीत के चलते उसने पता बता दिया। कुछ देर बाद अवनीश उसके कमरे पर पहुंच गया। जब वह किचन में चाय बना रही थी, तब आरोपी पीछे से आया और गलत तरीके से छूने लगा। विरोध करने पर उसने आरोपी को धक्का देकर कमरे से बाहर निकाल दिया।

### स्कूल जाते समय महिला का रास्ता रोका

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला ने अंकित पुत्र अशोक साहनी निवासी नंदबाग के खिलाफ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके इलाके में रहता है और काफी समय से उसका पीछा कर बात करने का दबाव बना रहा था। महिला के मुताबिक, शनिवार को वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी। तभी आरोपी बाइक से आया, रास्ता रोककर बात करने की जिद करने लगा। मना करने पर उसने महिला का हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गया। घटना की जानकारी महिला ने अपने पति को दी, जिसके बाद दोनों बाणगंगा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इंदौर में छात्रा से मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

**इंदौर।** इंदौर के चार थाना क्षेत्रों में सिलसिलेवार लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने एक के बाद एक चार से अधिक लोगों को निशाना बनाया था। वारदातें सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी जोन-2 अमन राठौर की टीम ने कनाड़िया, लसूडिया, आजाद नगर सहित एक अन्य थाना क्षेत्र में हुई सीरियल लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए अजय और सन्नी टूटेजा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने करीब पांच दिन पहले अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं से मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। घटनाओं के बाद दोनों फरार हो गए थे। कनाड़िया और लसूडिया थाना पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने और नशे की लत के चलते लगातार वारदातें की थीं। लूटे गए मोबाइल बेचने के लिए वे ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

### इंदौर में एएसआई के बेटे ने किया सुसाइड

**इंदौर।** छत्रीपुरा इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक एएसआई के बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर भिंड रवाना हो गए। छत्रीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक आदित्य (18) पिता ब्रजेश कुमार है। वह स्कूल की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि आदित्य ने 10 जुलाई की दोपहर जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर सबसे पहले उसकी मां ने उसे देखा और बाद में पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आदित्य को यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


---

मंच से कैलाश विजयवर्गीय का अलग अंदाजः हेमंत खंडेलवाल के कद पर ली चुटकी

# सीएम ने की बीएसएफ जवानों के लिए सहायता की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





अपने बेबाक और हास्यपूर्ण अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह उनका कोई राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि मंच से नेताओं पर की गई हल्की-फुल्की टिप्पणियां रहीं। मौका था इंदौर के बुढ़ानिया क्षेत्र में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कई मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान हजारों पौधे लगाए गए।

पौधारोपण के बाद जब कैलाश विजयवर्गीय मंच पर संबोधन के लिए पहुंचे तो उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में नेताओं का स्वागत करना शुरू किया। इसी दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के छोटे कद का जिक्र करते हुए उनकी तुलना पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री से कर दी। उन्होंने कहा, आपने लालबहादुर शास्त्री का नाम सुना होगा। कद में छोटे थे, लेकिन काम बहुत बड़े करते थे। हेमंत जी भी उसी श्रेणी के हैं। इसके बाद उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल की ओर इशारा करते हुए कहा, हेमंत जी जितने छोटे हैं, प्रह्लाद जी उतने ही लंबे हैं और काम भी लंबे करते हैं। मैं छाती ठोककर कहता हूं, मेरा छोटा भाई शेर है।

**रमेश मेंदोला से बोले- घर की मुर्गी दाल बराबर-** मंच से जनप्रतिनिधियों का नाम लेते समय अचानक उनकी नजर विधायक रमेश मेंदोला पर पड़ी। मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा, अरे यार, रमेश जी का ध्यान ही नहीं रहता... घर की मुर्गी दाल बराबर। इस टिप्पणी पर मंच और पंडाल में मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। इसके बाद उन्होंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर भी चुटकी लेते हुए कहा, महापौर जी इन दिनों इतने व्यस्त हो गए हैं कि हमारी बैठकों में भी नहीं पहुंच रहे।

**बीएसएफ जवानों के लिए भी सहायता की घोषणा-** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ के कुछ जवानों की वीरता का उल्लेख करते हुए उन्हें भी 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

#### बैरिकेड कूदकर मंच तक पहुंचे विजय यादव

कार्यक्रम के दौरान विजयवर्गीय ने पृथ्वी डिफेंस एकेडमी के संचालक विजय यादव का भी उल्लेख किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी संस्था से प्रशिक्षित करीब 90 प्रतिशत युवा सेना और पुलिस में भर्ती होते हैं और वे नाममात्र शुल्क पर प्रशिक्षण देते हैं। मंत्री के बुलाने पर विजय यादव लोगों के बीच से दौड़ते हुए आए और दो-तीन बैरिकेड पार कर मंच तक पहुंचे। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें हाथ पकड़कर मंच पर चढ़ाया। वे सैन्य अंदाज में चलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री ने उनका सम्मान किया और उनकी संस्था को 2 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।

---

इंदौर को मिलेगा 300 बेड का आधुनिक जिला अस्पताल

# हेल्थ कमिश्नर ने किया निरीक्षण, पहले चरण में प्रसूति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं होंगी शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



लंबे इंतजार के बाद इंदौरवासियों को जल्द ही 300 बिस्तरों वाले आधुनिक जिला अस्पताल की सौगात मिलने जा रही है। करीब 13 वर्षों से निमार्णाधीन अस्पताल का शुभारंभ 17 जुलाई को प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्वास्थ्य मंत्री के शामिल होने की संभावना है।

शुभारंभ से पहले रविवार को हेल्थ कमिश्नर धनराजू एस ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने मैटरनिटी विंग, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू सहित विभिन्न विभागों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक संसाधनों और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पहले चरण में मातृ एवं शिशु सेवाएं शुरू होंगी-** अस्पताल के उद्घाटन के साथ फिलहाल प्रसूति एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जाएंगी। इसके तहत प्रसूति वार्ड, दो अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, एएनसी और पीएनसी वार्ड, बर्थ वेटिंग रूम तथा नवजात शिशुओं के लिए एनबीएचयू जैसी सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। हालांकि अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अभी कुछ समय और इंतजार करना होगा, क्योंकि अस्पताल की सामान्य चिकित्सा सेवाएं अगले चरण में शुरू की जाएंगी।

#### नए प्रशासनिक ब्लॉक में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र शेखावत ने बताया कि अस्पताल परिसर में एक नया प्रशासनिक ब्लॉक भी विकसित किया जाएगा। अस्पताल भवन के पीछे बनने वाले इस ब्लॉक में सीएसएसडी, लॉन्ड्री, किचन, स्टोर और मॉच्युरी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित हो सकेगी।

#### एमजीएम में पदोन्नति और डिजिटलीकरण पर जोर

इंदौर प्रवास के दौरान हेल्थ कमिश्नर ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में भी भाग लिया। बैठक में प्रथम श्रेणी के करीब 15 डॉक्टरों को पदोन्नति दी गई। उन्होंने शेष डॉक्टरों और कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

---

## 21 लाख पौधों का लक्ष्य, महाअभियान में पहले दिन रोपे 51 हजार पौधे



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में 21 लाख पौधे लगाने के महाअभियान की रविवार को शुरूआत हुई। पहले दिन ग्राम बुढ़ानिया स्थित बीएसएफ परिसर में 48 एकड़ की बंजर पहाड़ी पर 51 हजार पौधे लगाए गए। यहां एक लाख पौधे रोपे जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद शंकर लालवानी सहित जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री और 21 विशेष अतिथियों ने ह्रमां की बगियाह्ल में फलदार पौधे लगाए।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह अभियान लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहा है और वे भी लगातार इसमें शामिल हुए हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, इस वर्ष 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 22.50 लाख पौधारोपण स्थलों की पहचान पहले ही कर ली गई है। इस बार 6 से 10 फीट ऊंचाई वाले पौधे लगाए जा रहे हैं, जो पथरीली जमीन पर भी आसानी से विकसित हो सकेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष लाखों पौधे लगाने का अभियान बड़ी उपलब्धि है और इंदौर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है।

---

तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर, चालक घायल

# गुस्साई भीड़ ने कार में की तोड़फोड़

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्करःचालक घायल, गुस्साई भीड़ ने कार में की तोड़फोड़; वीडियो आया सामने

इंदौर के भागीरथपुरा स्थित एमआर-4 रोड पर रविवार को तेज रफ्तार कार ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने गुस्से में कार पर पथराव कर दिया। बाद में एफआरवी मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-4 रोड पर हुए इस हादसे के बाद जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक विशाल भागवत तीन अन्य सवारियों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने कार पर जमकर पथराव किया।

हादसे के बाद लोगों ने कार में भी तोड़फोड़ कर दी। बताया जा रहा है कि कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो चालक विशाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ऑटो में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। वे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल पहुंचे हैं। फिलहाल पुलिस को अन्य घायलों की स्थिति संबंधी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है।

---

लवकुश चौराहे पर बड़ी राहत की तैयारी

# 10 दिन में शुरू होगी अरबिंदो से बाणगंगा तरफ की लेन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




शहर के सबसे व्यस्त जंक्शन में से एक लवकुश चौराहे पर सफर करने वाले लाखों वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। यहां बन रहे शहर के पहले डबलडेकर ब्रिज की एक लेन (अरबिंदो अस्पताल से बाणगंगा की तरफ जाने वाली) अगले 10 दिनों में ट्रैफिक के लिए खोल दी जाएगी।

आईडीए ने 15 दिन पहले इस लेन का लोड टेस्ट किया था, जो पूरी तरह सफल रहा। इसके बाद तकनीकी कंसल्टेंट से अंतिम रिपोर्ट और सुरक्षा प्रमाण पत्र मांगा गया था। वहां से सकारात्मक रिपोर्ट मिलने के बाद अब आईडीए प्रशासन ने इस लेन को शुरू करने की समय सीमा तय कर दी है। ट्रायल रन और लाइटिंग की टेस्टिंग शुरू आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया अरबिंदो की तरफ से आने वाली लेफ्ट लेन पूरी तरह बनकर तैयार है। इसे आम जनता के लिए खोलने से पहले एक से दो दिन का ट्रायल रन किया जाएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को परखा जा सके। फिलहाल, इस लेन पर ब्यूटीफिकेशन (सौंदर्यीकरण) का काम पूरा हो चुका है और रात के समय इस पर लगी आधुनिक लाइट्स की टेस्टिंग की जा रही है।

समय की बचत अरबिंदो अस्पताल, सुपर कॉरिडोर या उज्जैन रोड की तरफ से आकर मरीमाता, बाणगंगा और सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया जाने वाले वाहन चालकों को अब लवकुश चौराहे के लंबे ट्रैफिक सिग्नल और जाम में नहीं फंसना होगा। सर्विस लेन गड्ढों से मुक्ति दोनों सर्विस लेन का काम चल रहा है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे दुर्घटनाएं व घंटों लंबा जाम लगता है। एक लेन चालू होने से नीचे का 50% से अधिक ट्रैफिक लोड कम हो जाएगा। सुगम डायवर्शन रहेगा उज्जैन और सांवेर की तरफ से आने वाली बसें, डंपर और अन्य भारी वाहन बिना किसी बाधा के सीधे शहर के अंदरूनी हिस्सों की ओर जा सकेंगे। इससे चौराहे के नीचे केवल स्थानीय या टर्न लेने वाले वाहन ही बचेंगे। दूसरी लेन में इसलिए लग रहा वक्त? मरीमाता से अरबिंदो अस्पताल की तरफ जाने वाली दूसरी लेन का काम भी लगभग 95 फीसदी पूरा हो चुका है।

---

38 मुनिराजों के संघ के साथ निकली भव्य शोभायात्रा; राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी हुआ शुभारंभ, राजवाड़ा से उदासीन आश्रम तक उमड़ा आस्था का सैलाब

# प्राकृताचार्य सुनीलसागरजी का ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



मां अहिल्या की धर्म नगरी इंदौर रविवार को धर्ममय हो उठी। चतुर्थ पट्टाचार्य एवं प्राकृताचार्य आचार्य श्री 108 सुनीलसागरजी महाराज का संघस्थ 38 मुनिराजों एवं आर्यिका संघ के साथ ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। रियासतकालीन राजवाड़ा परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजों और जयघोष के बीच आचार्य श्री की अगवानी की। इसके बाद राजवाड़ा से उदासीन आश्रम तक निकली भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि चातुर्मास कमेटी के मुख्य संयोजक इंद्रकुमार वीणा सेठी,केलाश लुहाड़िया, डॉ. जैनेन्द्र जैन डॉ. गिरिश पाटोदी प्रदीप बड़जात्या एवं महिला परिषद् की संभाग अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। राजवाड़ा पहुंचने पर आचार्य श्री ने मां अहिल्याबाई होलकर का स्मरण किया और श्रद्धालुओं को धर्म संदेश दिया।

प्रचार मंत्री रेखा संजय जैन ने बताया कि कीर्ति स्तंभ, रीगल चौराहे पर अंतमुर्खी मुनि श्री पूज्यसागरजी महाराज के सान्निध्य में ट्रस्ट अध्यक्ष अमित कासलीवाल, ट्रस्टियों और समाजजनों ने आचार्य श्री का स्वागत किया। यहां आचार्य श्री सुनीलसागरजी और मुनि श्री पूज्यसागरजी का पुनः मंगल मिलन हुआ। इसके बाद शोभायात्रा उदासीन आश्रम पहुंची, जहां 64 रजत थालियों से संघ का पाद प्रक्षालन किया गया। आचार्य श्री ने जिनालय में भगवान के दर्शन कर ध्वजारोहण किया और धर्मसभा में मंगल देशना दी।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे देशभर के विद्वान उदासीन आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ में 12 से 14 जुलाई तक आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं चित्र अनावरण के साथ हुआ। कालजयी विरासत, समकालीन विमर्श और स्वर्णिम भविष्य की रूपरेखा विषय पर आयोजित संगोष्ठी में देशभर से विद्वान, शोधकर्ता और चिंतक भाग ले रहे हैं।


प्रवचन से पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष अमित कासलीवाल ने संस्था का परिचय दिया। अपने संबोधन में आचार्य श्री ने कासलीवाल परिवार की पीढ़ियों के योगदान का स्मरण करते हुए कहा, साधु चमत्कार करते नहीं, उनके जीवन में चमत्कार अपने आप होते हैं। दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी तथा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, सोशल ग्रुप फेडरेशन की संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल,सामाजिक संसद अध्यक्ष आनंद गोधा, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन गोधा, हर्ष जैन ने भी आचार्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### फैक्ट बॉक्स

- ऐतिहासिक मंगल प्रवेश : राजवाड़ा से उदासीन आश्रम तक
- संघ में 38 मुनिराज एवं आर्यिका संघ शामिल
- हजारों श्रद्धालु शोभायात्रा में हुए सहभागी
- 64 थालियों से संघ का पाद प्रक्षालन
- 12 से 14 जुलाई तक कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ में राष्ट्रीय संगोष्ठी
- देशभर के विद्वान, शोधकर्ता एवं चिंतक कर रहे हैं सहभागिता

# मप्र के 22 जिलों में आज बूंदाबांदी होगी, 5 दिन से तेज बारिश नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल




मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार थम गई है। करीब 60% हिस्से से मानसून के बादल गायब है। इस वजह से प्रदेश में अगले 5 दिन तक कहीं भी भारी या अति भारी बारिश के आसार नहीं है। मौसम केंद्र की माने तो 16 जुलाई से नया सिस्टम एक्टिव हो सकता है। इससे तेज बारिश के संकेत है।

इससे पहले प्रदेश में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। सोमवार को 22 जिले- सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार और आलीराजपुर में बादल और हल्की बारिश के आसार है।

वहीं, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, इंदौर, उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, देवास, विदिशा, भोपाल, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, दमोह, पन्ना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया और ग्वालियर में धूप खिली रहेगी।

कहीं भी तेज बारिश नहीं, रिमझिम होती रहेगी मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता में फिलहाल कमी देखने को मिल रही है। इस वजह से पिछले 4-5 दिन से प्रदेश में कहीं भी भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। अगले कुछ दिन तक रिमझिम बारिश जरूर होती रहेगी। 16 जुलाई से ज्यादा असर दिखेगा। एक्सपर्ट नायक ने बताया, वर्तमान में मानसून को एक्टिव करने वाली प्रमुख मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ गई हैं अथवा उनका प्रभाव मध्य प्रदेश से दूर चला गया है। यही कारण है कि अधिकांश क्षेत्रों में केवल बादल छाए रहने और हल्की फुहारों जैसी स्थिति बनी हुई है।

### अब उम्मीद बंगाल की खाड़ी से

एक्सपर्ट नायक ने बताया कि 13 से 19 जुलाई के दौरान उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक नया ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण यानी, साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम बनने का अनुमान है। यदि यह सिस्टम निम्न दाब क्षेत्र में बदला तो प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

## खबर एक नजर...

### लोक सेवा गारंटी में लापरवाही, नौ राजस्व अधिकारियों पर जुमार्ना

**रतलाम।** मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत समयसीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने में जिले के राजस्व अधिकारी सचेत नहीं है। कलेक्टर मिशा सिंह ने शनिवार को ऐसे 9 राजस्व अधिकारियों पर 9,500 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है। समय सीमा में आवेदकों के आवेदनों का निराकरण नहीं करने में सबसे ज्यादा जावरा व रतलाम तहसीलदारों के पास आए आवेदन लंबित है। समयसीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं होने के कारण आवेदकों को सेवाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो सकीं। इसको लेकर कलेक्टर ने इसे लोक सेवा गांरटी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए अधिनियम की धारा 7(1)(क) के तहत कार्रवाई की है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा बड़ावदा, तहसीलदार सैलाना, तहसीलदार रावटी, न्यायालय नायब तहसीलदार रतलाम शहर (पश्चिम भाग), तहसीलदार जावरा, न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा ढोढर, न्यायालय नायब तहसीलदार आलोट, न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा शिवगढ़ तथा न्यायालय नायब तहसीलदार पिपलौदा के कुल 38 प्रकरण निर्धारित समयसीमा से बाहर पाए गए।

### खंडवा में कोरकू समाज का प्रदर्शन, 5 हजार लोग जुटे

**खंडवा।** खंडवा जिले में वन विभाग की वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के समर्थन में रविवार को आदिवासी कोरकू समाज का बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। खंडवा और बुरहानपुर जिले से करीब 5 हजार कोरकू समाज के लोग खंडवा पहुंचे। वन विभाग की कार्रवाई के समर्थन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को देखते हुए शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया। कोरकू समाज के लोग पहले गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम में एकत्र हुए, जहां सभा आयोजित की गई। इसके बाद समाज के प्रतिनिधियों ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीएसपी अभिनव बारंगे सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### रिकॉर्ड में 3,828 बोरी दर्ज गोदाम में एक भी नहीं मिली, व्यापारी पर एफआईआर

**खंडवा।** खंडवा जिले के हरसूद विकासखंड में यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी और स्टॉक में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है। कृषि विभाग की जांच के बाद छनेरा स्थित मेसर्स इनफिनिटी एग्रो के संचालक आयुष पांडे के खिलाफ हरसूद थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोरेलाल वास्कले ने बताया कि 8 जुलाई को सहायक संचालक कृषि जितेंद्र सिंह रावत और अन्य अधिकारियों ने दुकान का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान ऑनलाइन रिकॉर्ड, पीओएस मशीन और गोदाम में मौजूद वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर 11 जुलाई को हरसूद थाने में शिकायत दी गई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया।जांच में सामने आया कि पीओएस मशीन में विभिन्न कंपनियों की 3,828 बैग यानी 172.26 मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक दर्ज था, जबकि गोदाम में एक भी बैग नहीं मिला। वहीं, मध्यप्रदेश शासन की ई-विकास (ए-ळ्ङ्ग्ल्ल) प्रणाली में 4,318 बैग यानी 194.31 मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक दर्ज था। डिजिटल रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर पाया गया।

# दो दिनों में 200 किमी साइकिल यात्रा करेंगे जीतू पटवारी

## रास्ते के हर जिले में 500 साइकिल यात्री जुड़ेंगे...युवाओं और छात्रों से संवाद करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



नीट यूजी की परीक्षा, सीबीएसई एग्जाम में गड़बड़ी पेपर लीक बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर एमपी कांग्रेस इंदौर से भोपाल तक साइक्लोथॉन यानी साइकिल यात्रा निकालने जा रही है। एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद इस पूरी यात्रा का नेतृत्व करते हुए साइकिल चलाते हुए दो दिनों में इंदौर से भोपाल तक का सफर तय करेंगे।

14 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे इंदौर के डीएवीवी के करीब फ्छळ (रवीन्द्र नाथ टैगोर) मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इंदौर में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स का यह सबसे बड़ा सेंटर है। कांग्रेस यहां से छात्रों की समस्याओं और सरकार की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे पेपर लीक को लेकर बड़ा संदेश देगी।

इंदौर से भोपाल तक रास्ते में पड़ने वाले हर जिले से 500 साइकिल यात्री इस यात्रा में जुड़ेंगे। इंदौर, देवास, सीहोर और भोपाल जिले को मिलाकर दो हजार से ज्यादा साइकिल यात्रियों के साथ जीतू पटवारी भोपाल पहुंचेंगे। इंदौर से लेकर भोपाल तक जीतू पटवारी के साथ आने वाले स्थाई साइकिल यात्रियों की लिस्ट बन रही है। इंदौर के साइकिल रेसर ग्रुप, फिटनेस क्लब के मेंबर्स भी इस यात्रा में साथ आएंगे।

इंदौर से चलने के बाद पहले दिन की यात्रा का विश्राम सीहोर जिले के आष्टा कस्बे के गोकुलधाम मैरिज गार्डन में होगा। इसके अगले दिन यानी 15 जुलाई को कोठरी कस्बे से फिर साइकिल यात्रा शुरू होगी।

यात्रा के समन्वयक आनंद जाट ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की यह मंशा है कि इंदौर में शिक्षा के केन्द्र आरएनटी मार्ग ये छात्रों के बीच संवाद करके यह यात्रा शुरू हो और मप्र में जिस व्यापमं नाम की संस्था ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। उस व्यापमं चौराहे पर इसका समापन हो। लेकिन प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। भोपाल में हमने व्यापंम चौराहा, लिली टॉकीज चौराहा, इमामी गेट विकल्प के तौर पर समापन कार्यक्रम के लिए बताए हैं लेकिन प्रशासन मोतिया तालाब के सामने अनुमति दे रहा है।

जहां पर हमादिया अस्पताल सहित बहुत सारे निजी हॉस्पिटल भी संचालित हैं। ऐसे में वहां मरीजों और एंबुलेंस को आने जाने में दिक्कत होगी।

जीतू पटवारी ने कहा- 25 साल की भाजपा सरकार के बाद और देश की आजादी के 80 साल के बाद ये नया विचार जन्म लेना चाहिए कि सबके लिए अच्छी और मुफ़्त शिक्षा हो। केजी से पीजी तक अनिवार्य और फ्री एजुकेशन हो। ये एक नया गैर राजनीतिक विचार है। राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम शुरू किया। इसका संदेश है कि अच्छी सुरक्षित शिक्षा मिले, एग्जाम और प्रोफेशनल एग्जामिनेशन में पारदर्शिता आए। नीट की परीक्षा में जो धांधली हो रही है वो रूके ये देश का विषय है। इन मुद्दों को लेकर युवाओं को यह संदेश देना है और अभिभावकों से बातचीत करना इस साइक्लोथॉन का मूल उद्देश्य है।

पीसीसी चीफ ने कहा- प्रदेश में हर बीजेपी का नेता पेपर माफिया नहीं हैं लेकिन जहां पेपर लीक होते हैं वहां बीजेपी के नेता ही क्यों आते हैं। हर मंदिर में चोरी नहीं होती लेकिन जिस मंदिर में चोरी होती है वहां बीजेपी और आरएसएस के लोग ही क्यों सामने आते हैं?

## मध्य प्रदेश के 168 अफसर बने रक्षित निरीक्षक, पदोन्नति आदेश जारी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा आदेश जारी होने के बाद पुलिस महकमे में लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि 30 जून 2026 को मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र और 'मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025' के विधिक परामर्श के अंतर्गत यह प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस आदेश के तहत प्रमोट हुए अधिकारियों को रक्षित निरीक्षक के रिक्त पदों पर आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। इन सभी अधिकारियों को मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम-2017 के तहत पे-मेट्रिक्स लेवल-10 (वेतनमान 9300-34800 + 4200) का लाभ कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से मिलेगा। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह सभी पदोन्नतियां सुप्रीम कोर्ट में लंबित विशेष अनुमति याचिका क्रमांक 13954/2016 और भविष्य में न्यायालयों द्वारा आने वाले फैसलों के अधीन रहेंगी। इसके साथ ही, प्रमोट किए गए सभी सरकारी कर्मचारियों को नियम 13 के अनुसार वेतन निर्धारण के लिए आदेश मिलने के एक माह के भीतर अपना विकल्प प्रस्तुत करना होगा। मुख्यालय ने इकाई प्रमुखों को कड़े निर्देश दिए हैं कि यदि कोई अधिकारी निलंबित है, विभागीय जांच का सामना कर रहा है, आपराधिक मामले में चार्जशीटेड है या उसने अपना मूलभूत प्रशिक्षण पूरा नहीं किया है, तो उसे किसी भी परिस्थिति में कार्यमुक्त न किया जाए।

## एक करोड़ की वसूली के लिए 40 लाख की सुपारी, पूर्व बजरंग दल नेता समेत दो आरोपी दबोचे

# रतलाम में सराफा व्यापारी के घर फायरिंग का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम में 21 दिन पहले सराफा व्यापारी के घर पर फायरिंग करवाने वाले मास्टर माइंड बजरंग दल के पूर्व नेता विनोद उर्फ वीनू शर्मा व उसके साथी अजय यादव को पुलिस ने शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। मास्टर माइंड वीनू शर्मा ने 1 करोड़ रुपए की वसूली के लिए 40 लाख में सुपारी लेकर सराफा व्यापारी के घर पर फायरिंग कराई थी।

शहर के डीडी नगर थाना अंतर्गत सैफी नगर में 19 जून की दोपहर सराफा व्यापारी कमल जैन के घर पर दो बाइक से आए चार बदमाशों ने फायरिंग की थी। गोली खिड़की को चीरते हुए घर के अंदर चली गई थी। कुछ ही दूरी पर व्यापारी की पत्नी सो रही थी। वह बच गई नहीं तो गोली उन्हें लग सकती थी। व्यापारी ने बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक विनोद उर्फ वीनू शर्मा पर धमकाने व फायरिंग कराने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस जांच में जुटी। सराफा व्यापारी कमल जैन के बेटे व सरवन के सराफा व्यापारी आदित्य सोमानी के बीच शेयर मार्केट व एमसीएक्स के लेनदेन को लेकर विवाद था। फायरिंग के एक दिन पहले ही सराफा व्यापारी ने सरवन थाने में आदित्य सोमानी के खिलाफ 1 करोड़ रुपए की वसूली के लिए धमकाने का केस दर्ज कराया था। इसके अगले दिन ही उनके घर फायरिंग हो गई थी।

डीडी नगर थाना पुलिस के अनुसार ने वीनू ने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची। फायरिंग करने वालों को बुलाया। एक करोड़ रुपए की पूरी वसूली होने के बाद ही रुपए देना तय हुआ था। फायरिंग के पहले वीनू रुपए वसूलने के लिए सराफा व्यापारी व परिवार को दो बार धमकी दे चुका था। उसने साथियों के साथ उसके घर पर जाकर धमकी दी थी। इसके अलावा बाजार में सराफा व्यापारी दिव्यांश को बुलाकर धमकी दी।

### 40 लाख की सुपारी ली

पुलिस के अनुसार आरोपी विनोद उर्फ वीनू शर्मा ने पूछताछ में बताया कि सरवन के सराफा व्यापारी आदित्य सोमानी ने सराफा व्यापारी कमल जैन के बेटे दिव्यांश से 1 करोड़ रुपए की वसूली के लिए 40 लाख रुपए में सुपारी दी थी। वसूली के लिए उसके घर पर गोली चलवाई। पुलिस ने वीनू शर्मा व उसके साथ अजय यादव को सागोद और मोरवनी के बीच बन रहे ब्रिज के पास से बुधवार देर शाम को पकड़ा। वीनू के पास से एक देसी पिस्टल कारतूस के साथ जब्त की है।





### सजायाफ्ता है वीनू शर्मा

आरोपी बजरंग दल का पूर्व जिला संयोजक वीनू शर्मा को पूर्व में हथियार के साथ पकड़ाने के मामले में 3 साल की सजा भी हो चुकी है। वह जमानत पर बाहर था। जबकि फायरिंग करने वाला आरोपी वसीम उर्फ पांडू हिंदू नेता कपिल सांखला की हत्या का आरोपी भी रहा है।

### जिन्होंने मदद की वह भी बनेंगे आरोपी

फायरिंग के बाद से पुलिस वीनू शर्मा को तलाश रही थी। लेकिन वह अपने दोस्तों की मदद से गुजरात, राजस्थान में छिपा था। इसके अलावा प्रदेश में भी होशंगाबाद, देवास व इंदौर में कुछ दिन रहा। बुधवार शाम दोनों के लिए रतलाम जिले में आने के इनपुट पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि आरोपियों को रुकवाने वाले दोस्तों क जांच की जा रही है। उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### अभी तक यह हो चुके है गिरफ्तार

सफायरिंग करने वाला विनित उर्फ चुचू बड़गोतिया. बाइक चलाने वाला भोला पाटीदार, साजिश में शामिल योगेंद्रसिंह चौहान उर्फ गोलू बाबा, विकास टांक, पिस्टल बेचने वाला अर्जुन सिसोदिया निवासी नयागांव, सुपारी देने वाला आदित्य सोमानी, धमकी देने वाला कन्हैयालाल सोलंकी, बाइक देने वाला रवींद्र राजन, दूसरी बाइक देने वाला अजय चौहान उर्फ गद्दू, अर्जुन ने जिससे पिस्टल खरीदी सिराज खान गिरफ्तार हो चुके हैं। यह सभी अभी जेल में हैं। वसीम पठान व अदनान शेरानी अभी फरार हैं। दोनों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित कर रखा है।

## वारदात:ऑटो में सवारी बनकर बैठे 3 बदमाशों ने आठ लाख के जेवर चुराए

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

बाग सेवनिया इलाके में सवारी बनकर ऑटो में बैठे तीन बदमाशों ने 71 वर्षीय बुजुर्ग के बैग से करीब 8 लाख रुपए कीमत के जेवर चोरी कर लिए। बुजुर्ग रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से बाग सेवनिया स्थित पेबल वे कॉलोनी जाने के लिए ऑटो में सवार हुए थे।

थाने से कुछ ही दूरी पर तीन युवक सवारी बनकर ऑटो में बैठे और बुजुर्ग का बैग पीछे रख दिया। कुछ देर बाद बैग से जेवर का डिब्बा गायब मिला तो बुजुर्ग को युवकों पर संदेह हुआ। इसी बीच तीनों ऑटो से उतरकर भागने लगे।

बुजुर्ग भी उनके पीछे दौड़े और लोडिंग ऑटो की मदद से पीछा कर यूनियन बैंक के पास उन्हें पकड़ भी लिया, लेकिन बदमाश एक अपार्टमेंट के रास्ते भाग निकले। पूरी वारदात से जुड़े कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। मामले में ऑटो चालक की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

पेबल वे सोसायटी निवासी रामनरेश पटेल मूलतः रीवा के रहने वाले हैं और एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उनके पिता मोतीलाल पटेल (71) सिंचाई विभाग से रिटायर हैं। मोतीलाल ने बताया कि रविवार सुबह 7:30 बजे वह रेवांचल एक्सप्रेस से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

स्टेशन की सेकंड एंट्री, प्लेटफार्म नंबर-5 की तरफ से उन्होंने पेबल वे जाने के लिए ऑटो किया। बाग सेवनिया थाने से कुछ ही दूरी पर ऑटो चालक ने तीन युवकों को सवारी के रूप में बैठाया। ऑटो में बैठते ही युवकों ने मोतीलाल का बैग लेकर पीछे रख दिया। उन्होंने आपत्ति जताते हुए बैग वापस देने को कहा।

कुछ दूर आगे जाकर मोतीलाल ने बैग खोला तो उसमें रखा ज्वेलरी का डिब्बा गायब था। डिब्बे में उनकी बहू के करीब 8 लाख रुपए कीमत के जेवर थे। उन्हें तीनों युवकों पर संदेह हुआ। इसी दौरान तीनों ऑटो से उतरकर भाग निकले। बदमाशों के भागते ही मोतीलाल भी उनके पीछे दौड़े। उन्होंने एक लोडिंग ऑटो चालक से मदद लेकर पीछा किया और यूनियन बैंक के पास बदमाशों को पकड़ लिया। हालांकि, तीनों एक अपार्टमेंट के रास्ते भागने में सफल हो गए। इस दौरान ऑटो चालक भी वहां पहुंच गया था। तीनों बदमाश एक पिट्ठू बैग लेकर ऑटो में सवार हुए थे। वारदात के बाद भागते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं।

### किसानों को फसल बीमा में राहत

## नुकसान हुआ तो धान में 10 फीसदी, मक्का में 7 प्रतिशत और सोयाबीन में 5% तक बढ़कर मिलेगा क्लेम

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

खरीफ फसल के लिए बीमा कराने वाले किसानों को अब नुकसान की भरपाई पहले से ज्यादा मिलेगी। सरकार ने बीमित राशि बढ़ा दी है। यदि अब नुकसान होता है तो धान में 10%, मक्का में 7 फीसदी और सोयाबीन में 5 प्रतिशत तक क्लेम की राशि बढ़कर मिल सकती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए सरकार ने जिलेवार फसलों की बीमित राशि अधिसूचित कर दी है। इस बार सरकार ने खरीफ फसल के लिए धान में 4100, मक्का में 2350 और सोयाबीन में 3910 रुपये प्रति हेक्टेयर तक बीमित राशि में इजाफा किया है।

हालांकि बीमित राशि में इजाफा होने से प्रीमियम भी थोड़ा बढ़ जाएगा। कर्जदार किसानों के लिए वैसे तो फसल बीमा अनिवार्य है। फिर भी यदि कर्जदार किसान बीमा नहीं कराना चाहते हैं, तो बैंक में इसकी उन्हें लिखित सूचना देना होगी। वहीं गैर-कर्जदार किसानों के पास विकल्प है कि वे बीमा लें या न लें। खरीफ फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।



आगरमालवा में मक्का की थ्रेशोल्ड उपज 40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। एक किसान की फसल 40 क्विंटल की जगह सिर्फ 30 क्विंटल निकली। साल 2025 में बीमित राशि 34650 रु. थी, तो इस नुकसान पर किसान को 8663 रु. का क्लेम मिला था। इस साल बीमित राशि बढ़ाकर 37 हजार रु. कर दी गई है।

अब अगर उतनी ही उपज होती है यानी फिर से 30 क्विंटल निकलती है, तो किसान को 9250 रु. का क्लेम मिलेगा। क्लेम निकालने का तरीका ये है कि तय उपज (थ्रेशोल्ड उपज) में से किसान खेत की निकली फसल को घटाया जाता है। फिर उसे थ्रेशोल्ड उपज से भाग देकर जो अनुपात बनता है, उतने हिस्से का पैसा बीमित राशि से गुणा कर क्लेम तय होता है। सागर में धान असिंचित की बीमित राशि में इस साल 1610 रुपये प्रति हेक्टेयर का इजाफा हुआ है। इसलिए यहां बीमा क्लेम 322 रुपये तक बढ़कर मिल सकता है। 2025 में नुकसान होने पर 6238 रुपये प्रति हेक्टेयर क्लेम मिलता जो अब 6560 रुपये मिलेगा।

## नर्मदापुरम में चोरी के 5 लाख के लैपटॉप और कम्प्यूटर 1 लाख में बेंचे

ब्रह्मास्त्र ›› नर्मदापुरम

शहर की पॉश रिवर व्यू कॉलोनी में एक सिविल कॉन्ट्रैक्टर के आवास से लाखों रुपए के लैपटॉप, डेस्कटॉप चुराने के मामले में आरोपी को अरेस्ट कर लिया। कॉन्ट्रैक्टर का ड्राइवर ही चोरी का मुख्य आरोपी निकला।

उसने चोरी छुपे घर से 8 लैपटॉप, 8 कंप्यूटर सिस्टम, विदेशी कंपनी की ढ़ाई लाख रुपए की हाथ घड़ी समेत अन्य सामान्य चुरा ले गया था। इसके बाद 7 कम्प्यूटर सिस्टम एवं 5 लैपटॉप इंदौर में अपने परिचित आफताब खान निवासी खजराना (इंदौर) को बेच दिए थे।

मुख्य आरोपी वाजिद गुफरान सिद्दीकी (ड्राइवर) निवासी जहांगीराबाद, भोपाल, आफताब खान, निवासी खजराना इंदौर को गिरफ्तार किया। जिनसे 11लाख रुपए कीमत के 8 कम्प्यूटर सिस्टम, 8 लैपटॉप, 01 राडो कंपनी की कलाई घड़ी, एलईडी टीवी, आरओ, इलेक्ट्रिक केतली, ट्रिमर समेत अन्य चोरी गया सामान जब्त किया।

फरियादी कपिल शर्मा रिवर व्यू कॉलोनी के फेज-2 स्थित मकान नंबर पी-124 में अपने दो साथियों के साथ किराए पर रहते हैं। यहीं से वे अपनी कंपनी का संचालन भी करते हैं। 6 जुलाई को वे अपने साथियों के साथ काम के सिलसिले में मोहासा गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान में घुसकर कर्मचारियों के चार लैपटॉप, पांच डेस्कटॉप, एलईडी टीवी, आरओ मशीन और ढाई लाख रुपए की महंगी घड़ी चोरी कर ली। जिसकी शिकायत उन्होंने 8 जुलाई 2026 कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पूछताछ में आरोपी वाजिद गुफरान सिद्दीकी ने बताया कि चोरी गए 7 कंप्यूटर सिस्टम एवं 5 लैपटॉप अपने परिचित आफताब खान, निवासी खजराना (इंदौर) को बेच दिए थे। जिसके बदले उसे एक लाख रुपए दिए। शेष 4 कंप्यूटर सिस्टम, 4 लैपटॉप, विदेशी राडो कंपनी की ढ़ाई लाख रुपए कीमत की घड़ी, एलईडी टीवी, आरओ, इलेक्ट्रिक केतली, ट्रिमर सहित अन्य सामान अपने घर में छिपाकर रखा था। चोरी गया यह माल बरामद : 8 कंप्यूटर सिस्टम, 8 लैपटॉप, 01 राडो कंपनी की कलाई घड़ी, एलईडी टीवी, आरओ, इलेक्ट्रिक केतली, ट्रिमर, अन्य चोरी गया सामान कुल मशरुका किमती लगभग 11 लाख रुपए।

# धुरंधर फेम सिंगर ने परफॉर्मेंस रोक सगाई का ऐलान किया, बोली- दिस इज माय मैन



पंजाबी सिंगर जैस्मीन सैंडलस के 'द ड्रीम गर्ल इंडिया टूर' के पहले कॉन्सर्ट के दौरान एक ऐसा पल सामने आया, जिसने हजारों फैंस को हैरान कर दिया। लाइव परफॉर्मेंस के बीच जैस्मिन ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक करते हुए स्टेज पर एक शख्स को बुलाया और बताया कि वही उनके मंगेतर हैं।

कॉन्सर्ट अपने पूरे रंग में था और फैंस जैस्मिन के गानों पर झूम रहे थे। इसी दौरान अचानक म्यूजिक धीमा हो गया। जैस्मिन ने एक शख्स का हाथ पकड़कर उन्हें स्टेज पर बुलाया और कहा- आई हैव अ लिटिल सीक्रेट... आई हैव अ लिटिल, मैसिव सीक्रेट। यानी मेरे पास एक छोटा सा राज है... मेरे पास एक बहुत बड़ा राज है।

इसके बाद उन्होंने फैंस से उत्साह के साथ कहा- कैन यू से शेखर? कैन यू से शेखर? कैन यू से चौधरी साहब?₹ इस दौरान पूरा स्टेडियम तालियों और हूटिंग से गूंज उठा।

इसके बाद जैस्मिन ने अपने रिश्ते का खुलासा करते हुए कहा- मैं बुला लिया स्टेज पे... दिस इज अ मैन हू पुट अ रिंग ऑन इट। दिस इज माय मैन, एवरीबडी। यानी ये वही शख्स हैं जिन्होंने मुझे अंगूठी पहनाई है। आप सभी जान लीजिए, यही मेरे जीवनसाथी हैं।

जैस्मिन की यह घोषणा सुनते ही स्टेडियम में मौजूद हजारों फैंस खुशी से झूम उठे। इसके बाद जैस्मिन दौड़कर शेखर के गले लग गईं। शेखर ने उन्हें प्यार से अपनी बाहों में उठाया। दोनों ने बैकग्राउंड में बज रहे रोमांटिक पंजाबी गाने पर साथ में डांस भी किया। स्टेज पर चल रही स्पार्कलर्स की आतिशबाजी ने इस खास पल को और भी यादगार बना दिया।

दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में शनिवार रात आयोजित कॉन्सर्ट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस जैस्मिन सैंडलस को नई शुरूआत के लिए बधाई दे रहे हैं।

जैस्मीन सैंडलस जहां सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं, वहीं शेखर चौधरी लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं। वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े नहीं हैं और अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखना पसंद करते हैं। जैस्मीन ने अभी तक अपने मंगेतर के बारे में ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है। उनके काम, बैकग्राउंड या दोनों की मुलाकात कैसे हुई, इन सब बातों की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# आलिया भट्ट की दोस्त आकांक्षा रंजन ने शादी की






अभिनेत्री आकांक्षा रंजन और फिल्म डायरेक्टर शरण शर्मा शनिवार को शादी के बंधन में बंध गए हैं। मुंबई में उनके घर के गार्डन में यह शादी हुई, जिसमें परिवार के लोग और करीबी दोस्त शामिल हुए। दोनों ने ठीक चार साल पहले इसी तारीख को एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।

सोशल मीडिया पर आकांक्षा ने शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इस शादी से जुड़ी संगीत सेरेमनी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आकांक्षा की करीबी दोस्त और अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म 'कल हो ना हो' के गाने 'माही वे' पर डांस करती दिख रही हैं।

### उसी तारीख को शादी जब डेटिंग शुरू की थी

आकांक्षा और शरण की शादी का यह फंक्शन मुंबई में उनके घर पर शाम को सनसेट के समय हुआ। दोनों ने अपनी शादी के लिए वही तारीख चुनी, जिस दिन चार साल पहले उनका रिलेशनशिप शुरू हुआ था। शादी के लिए आकांक्षा ने गोल्डन बॉर्डर वाली ऑरेंज कलर की साड़ी और गोल्डन ब्लाउज पहना था। वहीं, शरण शर्मा ऑफ-व्हाइट कलर के बंदगला सूट में नजर आए। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए आकांक्षा ने लिखा कि तू ना हो तो घर घर नहीं लगता, तू है तो डर नहीं लगता।

# सोहेल खान ने सीमा से तलाक पर किया खुलासा, कहा- काम ठीक नहीं चल रहा



बॉलीवुड एक्टर और फिल्ममेकर सोहेल खान इन दिनों रियलिटी शो 'अलायंस' में नजर आ रहे हैं। शो के हालिया एपिसोड में दो वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट्स की एंट्री हुई, जिनमें से एक सोहेल खान की एक्स-वाइफ सीमा सजदेह हैं। शो के सेट पर दोनों का रीयूनियन काफी सकारात्मक रहा और दोनों एक-दूसरे से मिलकर खुश नजर आए।

इस दौरान सोहेल खान ने सीमा से अपने तलाक की वजहों पर खुलकर बात की। उन्होंने शादी टूटने की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उस समय उनका काम ठीक नहीं चल रहा था और अपने खराब बर्ताव की वजह से उन्होंने सीमा को खो दिया।

होस्ट निखिल चिनापा के सवाल पर दिया जवाब शो के दौरान जब सीमा सजदेह की एंट्री हुई, तो सोहेल ने उनके लिए ग्रीन टी बनाई। इस पर शो के होस्ट निखिल चिनापा ने सोहेल से पूछा कि औरत घर को बिगाड़ भी सकती है और बना भी सकती है, आपके घर में किसका हाथ था? इसका जवाब देते हुए सोहेल खान ने कहा कि उस समय मेरा काम ठीक नहीं चल रहा था, इसलिए मेरी मानसिक स्थिति सही नहीं थी। अपने इसी बर्ताव की वजह से मैंने उसे खो दिया जिससे मैं सच में बहुत प्यार करता था। सोहेल ने कहा कि सीमा उनके दो बच्चों की मां हैं, इसलिए प्यार से ज्यादा उनके दिल में सीमा के लिए बेहद सम्मान है।

### अलग होने के बाद भी घर की चाबी सीमा के पास

सोहेल खान ने शो में कंटेस्टेंट जैद दरबार से बातचीत के दौरान अपने बच्चों और सीमा के रिश्ते पर भी बात की। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे निर्वाण और योहान फिलहाल सोहेल के साथ ही रहते हैं। वहीं, सीमा बच्चों से मिलने के लिए हफ्ते में तीन बार उनके घर आती हैं।

सोहेल ने खुलासा किया कि सीमा के पास आज भी उनके घर की चाबी है। सीमा ने शो में बताया कि उनका छोटा बेटा योहान शो में उन्हें सपोर्ट कर रहा है, जबकि बड़ा बेटा निर्वाण चाहता है कि सोहेल खान यह शो जीतें।

### 24 साल की शादी के बाद 2022 में अलग हुए थे

सोहेल और सीमा की पहली मुलाकात चंकी पांडे की सगाई की पार्टी में हुई थी। सोहेल पहली नजर में ही सीमा को दिल दे बैठे। जल्द ही दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। लेकिन अलग-अलग धर्म होने की वजह से सीमा का परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था। परिवार के विरोध के बावजूद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया।

15 मार्च 1998 को, जिस दिन सोहेल की पहली डायरेक्टेड फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' रिलीज हुई, उसी दिन दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली। पहले आर्य समाज मंदिर में फेरे लिए और फिर निकाह किया। उनका पहला बेटा निर्वाण 2000 में और दूसरा बेटा योहान 2011 में हुआ। दोनों 2022 में अलग हो गए।

रियलिटी गेम शो 'अलायंस' को कुणाल खेमू होस्ट कर रहे हैं। शो में रिश्तों और दोस्ती के समीकरण हर दिन बदलते रहते हैं। यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है, जिसमें फिल्म और टीवी कलाकारों के साथ कई इंफ्लुएंसर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें सोहेल खान, मिनी माथुर, कुशल टंडन, नीति टेलर और पायल गेमिंग शामिल हैं।

# लव विल स्पार्क अगेन दुलकर-पूजा हेगड़े की श्री श्री का फर्स्ट लुक आउट

दुलकर सलमान ने अपनी 41वीं फिल्म का टाइटल अनाउंस कर दिया है। अब तक ह्यउद्ध41ह्ल के नाम से पहचानी जा रही इस फिल्म का नाम ह्यश्री श्रीह्ल रखा गया है। दुलकर ने सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इसकी अनाउंसमेंट की है। फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में दुलकर और पूजा हेगड़े खूबसूरत प्राकृतिक वादियों के बीच नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर ह्यलव विल स्पार्क अगेनह्ल टैगलाइन भी लिखी गई है, जो फिल्म की रोमांटिक थीम की झलक देती है। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए दुलकर और पूजा पहली बार बड़े परदे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग काफी समय पहले शुरू हो चुकी थी, लेकिन अब जाकर मेकर्स ने इसका नाम सामने रखा है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग की कुछ झलकियां साझा की थीं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## रंग भरकर चित्र बनाओ



## ˙जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...
00000000000
सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
000000000
डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | भी |
| त | पी | जा | ल्हे | र | ग | बा | ल | ह | प | ल |
| र | अ | ए | रा | जा | बा | बू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | थि | क |
| र | क | ल | श | रा | ब | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ज | ल | नो | मा | व | शि | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | व | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत, कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | + | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# रूस-ईरान ने क्रिप्टो में 9.92 लाख करोड़ का व्यापार किया:



## दुनिया के बैंकिंग सिस्टम से अलग नेटवर्क बनाया; ड्रोन, तेल और हथियार खरीदे

### क्रिप्टो कैसे बनी रूस-ईरान की समानांतर बैंकिंग व्यवस्था

**आर्थिक प्रतिबंध क्या?:** देश, कंपनी या व्यक्ति की संपत्ति फ्रीज करना, बैंकिंग पहुंच रोकना व ट्रेड सीमित करना। मकसद हथियार या आतंक से जुड़ी गतिविधियों के लिए पैसे जुटाने से रोकना है।

**क्रिप्टो बैंक का विकल्प कैसे?:** खरीदार स्थानीय मुद्रा से क्रिप्टो ले डिजिटल वॉलेट से विदेश भेजते हैं। वहां क्रिप्टो या स्थानीय मुद्रा में बदलकर भुगतान होता है। प्रक्रिया में बैंकिंग नेटवर्क हट जाते हैं।

**स्टेबलकॉइन रीढ़ क्यों?:** बिटकॉइन की कीमत तेजी से बदलती है, पर टेदर जैसे स्टेबलकॉइन डॉलर से जुड़े। ये डिजिटल डॉलर की तरह इस्तेमाल हो रहे।

**बचते कैसे हैं?:** बड़ी रकम छोटे हिस्सों में बांटते हैं। फिर वॉलेट, एक्सचेंज, ब्लॉकचेन व 'मिक्सर' से घुमाई जाती है। इस तरह से ये बच जाते हैं।

**रोक क्यों नहीं?:** एक्सचेंज होते ही पैसा नए वॉलेट, दूसरे देश या मंच पर चला जाता है। कंपनियां ग्राहक की पहचान बताने को बाध्य नहीं।

रूस, ईरान और उत्तर कोरिया ने दुनिया की बैंकिंग व्यवस्था से अलग क्रिप्टो के जरिए एक समानांतर भुगतान सिस्टम खड़ा कर लिया है। क्रिप्टो लेनदेन पर नजर रखने वाली संस्था चेनालिसिस के मुताबिक, 2025 में इन्होंने क्रिप्टो के जरिए 9.92 लाख करोड़ का लेनदेन किया है। यह 2024 के मुकाबले 8 गुना ज्यादा है। ये देश इस रकम का इस्तेमाल सिर्फ ट्रेड या बचत के लिए नहीं, बल्कि ड्रोन, हथियारों के पुर्जे, सैन्य तकनीक व तेल के भुगतान में कर रहे हैं। रूस ने रूबल से जुड़ा ए75 टोकन तैयार किया। इसमें रूस में रूबल देकर विदेश में क्रिप्टो से बदला जा सकता है। मई तक इसमें 11.4 लाख करोड़ के लेनदेन हो चुके हैं। नेटवर्क में 41 हजार से ज्यादा खाते व 2.5 लाख ट्रांसफर दर्ज हुए।

ईरान ने घरेलू एक्सचेंजों को तेल बिक्री में उसके हैकरों ने 20 हजार करोड़ चुराए। सबसे बड़ी वारदात 21 फरवरी को हुई, जब लाजारस समूह ने बायबिट से 14,310 करोड़ उड़ाए।

एफबीआई ने इसे 'ट्रेडरेटर' नेटवर्क से जोड़ा। 2016 से उ. कोरिया 263 घटनाओं में 6.75 अरब डॉलर की क्रिप्टो चुरा चुका है। इसे वह मिसाइल व सैन्य उपकरण खरीदने में लगा रहा है। ईरान का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज नोबाइटेक्स। देश के करीब 70% डिजिटल मुद्रा लेनदेन संभालता है और इसके 1.1 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। चीन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग नेटवर्क अब 'लॉन्ड्रिंग-एज-ए-सर्विस' मॉडल पर काम कर रहे हैं। चेनालिसिस के मुताबिक, चीनी नेटवर्क ?4,200 करोड़ रोजाना ब्लैक मनी को व्हाइट में बदल रहे हैं। 2025 में इन्होंने 1.54 लाख करोड़ को व्हाइट में बदला। ये नेटवर्क प्रतिबंधित देशों के भुगतान और आतंकी

### नोबाइटेक्स

देश के करीब 70% डिजिटल मुद्रा लेनदेन संभालती है और इसके 1.1 करोड़ उपयोगकर्ता हैं।

अमेरिका नोबाइटेक्स व इसके सह-संस्थापक अली व मोहम्मद खरजी पर प्रतिबंध लगा चुका है।

दोनों भाइयों के ईरान के सुप्रीम लीडर से पारिवारिक संबंध हैं।

**अमेरिका का आरोप है** कि नोबाइटेक्स के जरिए प्रतिबंधित तेल की रकम और रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े भुगतान भेजे जा रहे हैं।

और विदेशी भुगतान की वैकल्पिक पाइपलाइन बना लिया। रिवोल्यूशनरी गार्ड क्रिप्टो से तेल का पैसा लेते हैं और उसे डिजिटल वॉलेट में दूसरे देशों में भेजते हैं। विशेषज्ञ क्रिप्टो को रूस-ईरान के लिए प्रतिबंधों के समानांतर चलने वाली स्थायी वित्तीय व्यवस्था बता रहे हैं।

उत्तर कोरिया ने क्रिप्टो चोरी को कमाई और हथियार कार्यक्रम का जरिया बना लिया है। 2025 फंडिंग की रकम को एक साथ प्रोसेस करते हैं। फर्जी पहचान, एआई से बने दस्तावेज और डीपफेक इंटरव्यू के जरिए चीन, उत्तर कोरिया व ईरान जैसे देशों के ऑपरेटिव्स ने 40 देशों की क्रिप्टो व तकनीकी कंपनियों में रिमोट नौकरियां हासिल कीं। इस नेटवर्क ने दो वर्षों में ?26,700 करोड़ जुटाए। कई मामलों में स्थानीय मददगारों ने 'फर्म' चलाए, ताकि कर्मचारी उसी देश में काम करता दिखाई दे।

---

## अमेरिका ने ईरान में 140 ठिकानों पर हमले किए:

# ईरान बोला- होर्मुज कई परमाणु बमों से भी ज्यादा अहम, हर हाल में इसकी हिफाजत करेंगे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका ने रविवार को ईरान में 140 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक सेंटकॉम के मुताबिक हमलों की इस तीसरी कड़ी में ईरान को काफी नुकसान हुआ है। ये हमले किश्म, सीरिक, बंदर अब्बास, जास्क, बुशेहर, खोंदाब, बंदर महशहर, बेहबहान, अंदीमेश्क, देजफुल, अहवाज, अबादान और खुर्रमशहर जैसे इलाकों में किए गए। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के सलाहकार मोहसिन रेजाई ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान के लिए कई परमाणु बमों से भी ज्यादा अहम है। क्रठअ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रेजाई ने कहा कि ईरान होर्मुज की हर हाल में रक्षा करेगा।

गैलेक्सी' जहाज पर हुए हमले में 11 भारतीय सवार थे। 10 को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। भारत ने हमले की निंदा करते हुए नागरिक जहाजों पर हमले तुरंत रोकने की अपील की। अमेरिका ने इस सप्ताह 3 दिनों में ईरान के 300 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के कफर तेबनित कस्बे पर गोलीबारी की। फिलहाल इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुवैत की सेना ने रविवार को बताया कि हाल के हमलों में देश के उत्तरी हिस्से में स्थित तीन सीमा चौकियों को नुकसान पहुंचा है। दक्षिणी ईरान के महशहर शहर में एक वाटर प्रोजेक्ट पर प्रोजेक्टाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### ईरान का दावा- बहरीन के शेख ईसा एयर बेस पर हमला किया




ईरान ने बहरीन के शेख ईसा एयर बेस पर हमला किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपने बयान में कहा कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने हेलिकॉप्टरों के रखरखाव केंद्र, पी-8 सैन्य विमान के हैंगर और अमेरिकी सेना के ड्रोन कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पर हमले किए। यह कार्रवाई ईरान पर जारी अमेरिकी सैन्य हमलों के जवाब में की गई है।अमेरिका या बहरीन की ओर से भी इस पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल है।

### अमेरिका ने ईरान के खुजेस्तान प्रांत में किए हमले

मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के खुजेस्तान प्रांत में हवाई हमला किया। डिप्टी गवर्नर वलियोल्लाह हयाती ने बताया कि ये हमले अहवाज शहर के पास किए गए। हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। खुजेस्तान प्रांत इराक की सीमा से लगा इलाका है। 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान सबसे भीषण लड़ाई इसी प्रांत में हुई थी। इसलिए इसका सैन्य महत्व भी बहुत अधिक है। खुजेस्तान ईरान का तेल और गैस का सबसे बड़ा केंद्र है। अहवाज, आघाजारी, मारून और गचसारान जैसे प्रमुख तेल क्षेत्र इसी इलाके में हैं। यहां तेल और गैस से जुड़ी पाइपलाइनें, रिफाइरी और अन्य ऊर्जा ढांचा मौजूद है। इसलिए यह ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

---

# बैंकॉक के बार में आग, 27 मौतें पार्टी कर रहे 60 से ज्यादा लोग घायल

### जान बचाने के लिए लोग टॉयलेट में छिपे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैंकॉक

उत्तरी बैंकॉक के ना लाडप्राओ पब में रविवार देर रात आग लग गई। मरने वालों में 9 पुरुष और 18 महिलाएं शामिल हैं। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है।

सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था।

घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया।

उन्होंने बताया कि कई लोग जान बचाने के लिए इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद टॉयलेट में घुस गए, जहां पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी शव बरामद किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। यह बार बैंकॉक के चातुचक जिले में स्थित है। स्थानीय स्तर पर इसे रोंग बीयर ना लाट फ्राओ नाम से जाना जाता है।



### गवर्नर बोले- सजावट से तेजी से फैली आग

बैंकॉक के गवर्नर चाचार्ट सित्तिपुंत भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बार के अंदर लगी ज्वलनशील सजावटी सामग्री की वजह से आग बहुत तेजी से फैल गई। हालांकि, आग लगने की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं है और जांच जारी है। यह हादसा हाल के साल में थाईलैंड के सबसे बड़े पब अग्निकांडों में से एक है। 2022 में एक म्यूजिक पब में आग लगने से 14 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 2009 में बैंकॉक के सैंटिका नाइटक्लब में आतिशबाजी के दौरान लगी आग में 66 लोगों की जान गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

---

## डिलीवरी एजेंट जबरन घर में घुसा, प्राइवेट पार्ट दिखाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

फ्लिपकार्ट का पार्सल डिलीवर करने गए एजेंट को महिला के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान विजय मल्लिकार्जुन कामत के रूप में हुई है। महिला ने बताया कि डिलीवरी एजेंट पार्सल देने उसके घर आया था। महिला ने कहा- मैं घर में अकेली थी। डिलीवरी एजेंट ने पार्सल देने के बाद वॉशरूम इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी, लेकिन मैंने उसे कई बार मना किया। मैंने उससे कहा कि वह किसी पड़ोसी से मदद ले सकता है। इसके बावजूद आरोपी जूते-चप्पल उतारकर जबरन फ्लैट के अंदर घुस गया। महिला का आरोप है कि वॉशरूम से बाहर आने के बाद आरोपी ने अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील हरकत की। महिला ने वॉशरूम से निकलते समय डिलीवरी एजेंट का वीडियो भी बनाया जिसमें उसकी पैंट की जिप खुली दिखाई दी। महिला के अनुसार, वह अपने फ्लैट में अकेले रहती है। घटना के बाद वह बुरी तरह घबरा गई थी। उसने सोशल मीडिया पर रोते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया।

---

## नेपाल में फिर जेन-जी प्रदर्शन; 3 दिन में 3 आत्मदाह, बेरोजगारी के खिलाफ गुस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपाल

नेपाल में युवाओं की बढ़ती नाराजगी फिर से सड़कों पर दिखाई देने लगी है। पिछले तीन दिनों में तीन युवाओं ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। इनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलसा हुआ अस्पताल में भर्ती है।

प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह बालेन के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू में युवा प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने सरकार पर युवाओं में उम्मीद और भरोसा जगाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। जेन-जी नेपाल संगठन ने प्रधानमंत्री बालेन शाह पर जनविरोधी और निरंकुश तरीके से शासन चलाने का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि बजट व नीतियों में युवाओं के रोजगार और आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। 2023 की वह घटना भी चर्चा में है, जब प्रेम आचार्य ने आत्मदाह किया था। उस समय काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने इसे राज्य की चरम विफलता बताया था। अब मौजूदा घटनाओं पर उनकी चुप्पी विपक्ष और प्रदर्शनकारियों के निशाने पर है। नेपाल में लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने युवाओं की मानसिक स्थिति, बेरोजगारी और सरकारी नीतियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का मानना है कि यदि सरकार ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो विरोध और तेज हो सकता है। बालेन शाह का प्रभाव केवल प्रशासन तक सीमित नहीं रहा। पिछले साल सितंबर में हुए प्रदर्शनों के दौरान उनके गाने युवाओं के बीच गूंजते रहे। इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत हुई थी और इसके पीछे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और धीमी अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों का गुस्सा था।

---

# वियतनाम में 15 भारतीयों की मौत के बाद बोट-कैप्टन गिरफ्तार

### कंपनी की रिवॉर्ड ट्रिप पर गए थे पर्यटक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वियतनाम



वियतनाम में शनिवार को भारतीय पर्यटकों से भरी स्पीडबोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत के बाद स्पीडबोट कैप्टन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर केस दर्ज किया गया है।

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भारतीय टूरिस्ट लावा मोबाइल के चैनल पार्टनर और कर्मचारी थे। सभी कंपनी के टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए आयोजित रिवॉर्ड ट्रिप पर वियतनाम गए थे। कई पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्हें हादसे की पहली जानकारी टीवी चैनलों या दोस्तों के फोन से मिली। इसके बाद भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन ने उनसे संपर्क किया। कई परिवार अब भी अपने परिजन के पार्थिव शरीर के भारत पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

शुरूआती जांच में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि मौसम अचानक खराब होने और ऊंची लहरों की वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, पूरे मामले की जांच जारी है। भारतीय दूतावास के मुताबिक बोट में कुल 36 लोग सवार थे। इनमें 32 भारतीय पर्यटक और चार वियतनामी क्रू मेंबर थे। बोट माय रुट द्वीप से दूसरे द्वीप की ओर जा रही थी। तभी अचानक मौसम बदला और तेज लहरों के बीच बोट कुछ ही सेकेंड में पलट गई।

बचे हुए यात्रियों ने बताया कि हादसा इतना तेजी से हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। जो लोग बोट के आगे बैठे थे वे समुद्र में कूदकर बाहर निकल गए लेकिन अंदर बैठे कई यात्री उलटी हुई बोट के नीचे फंस गए और बाहर नहीं निकल सके। स्थानीय नाविक हा वान लोक ने बताया कि उन्होंने समुद्र में पलटी हुई बोट देखी, जिस पर कई लोग चिपके हुए थे। कुछ लोग बिना लाइफ जैकेट के समुद्र में बह रहे थे। उनकी टीम ने रस्सी फेंककर लोगों को बाहर निकाला और तुरंत दूसरी रेस्क्यू टीमों को सूचना दी। बाद में जेट स्की की मदद से घायलों को किनारे पहुंचाया गया।

हादसे में बचे भारतीय पर्यटक निर्मल कुमार ने बताया कि स्थानीय रेस्क्यू टीम जल्दी पहुंच गई थी, लेकिन पास के द्वीप पर पर्याप्त मेडिकल उपकरण और जरूरी दवाइयां नहीं थीं।

निर्मल कुमार के मुताबिक उनके साथ मौजूद एक डॉक्टर ने भी कहा कि अगर जरूरी दवाएं और मेडिकल सुविधाएं होतीं तो कुछ और लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने बताया कि करीब दो-तीन घंटे बाद वियतनाम एयर फोर्स पहुंची और घायलों का इलाज शुरू कराया। आंध्र प्रदेश के एक अन्य जीवित बचे यात्री ने ढळकको बताया कि बोट द्वीप से केवल 300-400 मीटर ही आगे बढ़ी थी। सभी लोग तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बोट पलट गई। उन्होंने कहा, ₹हम सभी मदद के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन कुछ ही पलों में सब कुछ खत्म हो गया।

तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने केंद्र और तमिलनाडु सरकार से अपील की कि तमिलनाडु के 10 मृतकों के शव जल्द राज्य लाए जाएं। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की भी मांग की। भारतीय दूतावास ने बताया कि सभी 15 मृतकों के पार्थिव शरीर ह्यहो ची मिन्ह सिटीह्ण पहुंच चुके हैं। वहां कांसुलर और स्थानीय प्रशासन जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। औपचारिकताएं पूरी होते ही सभी पार्थिव शरीरों को भारत भेजा जाएगा।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 13 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

**चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।**
**तां पद्मिनीमीं शरणं प्र पद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥**

**भावार्थ** : मैं चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्तिवाली, सुन्दर द्युतिशालिनी, यश से दीप्तिमती, स्वर्गलोक में देवगणों के द्वारा पूजिता, उदारशीला, पद्महस्ता लक्ष्मीदेवी की शरण ग्रहण करता हूँ। मेरा दारिद्र्य दूर हो जाय। मैं आपको शरण्य के रूप में वरण करता हूँ।

**कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।**
**पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम्॥**

**भावार्थ** : जो साक्षात ब्रह्मरूपा, मंद-मंद मुस्कराने वाली, सोने के आवरण से आवृत, दयार्द्र, तेजोमयी, पूर्णकामा, अपने भक्तों पर अनुग्रह करनेवाली, कमल के आसन पर विराजमान तथा पद्मवर्णा हैं, उन लक्ष्मीदेवी का मैं यहाँ आह्वान करता हूँ।

## भारते स्वच्छ-ऊजार्याः संक्रमणं क्रमिकं भवति इति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रदर्शन्याः समये रेपोस् ऊर्जा इत्यनेन स्वस्य प्रौद्योगिकी-आधारित-इन्धन-प्रबन्धन-व्यवस्थायाः प्रकाशनं कृतम्, भारते स्वच्छ-ऊजार्याः संक्रमणं क्रमिकं भवति इति अवलोक्य; अतः विद्यमानानाम् इन्धनानाम् कुशलः स्मार्टः च उपयोगः अपि तथैव महत्त्वपूर्णः अस्ति। कम्पनीयाः संस्थापकः मुख्यकार्यकारी च चेतन वालुन्ज् इत्यनेन उक्तं यत् देशस्य सम्मुखे द्वौ प्रमुखौ आव्हानौ स्तः - स्वच्छ ऊजार्याः संक्रमणं वर्तमानस्य ईंधनस्य अधिकप्रभावी उपयोगं सुनिश्चितं च। सः बोधितवान् यत यतः राष्ट्रस्य सम्पूर्णस्य ईंधनमूलसंरचनायाः परिष्कारः रात्रौ एव कर्तुं न शक्यते।

## सम्पादकीयम्

### भयम् अस्मान् सजगं करोति

बाल्यकालात् एव वयं किमपि भवतु, समायोजनं शिक्षन्तु इति मन्त्रेण शर्ताः स्मः। परम्परायाः सामाजिकप्रतिष्ठायाः च नामधेयेन जनाः विषाक्तवैवाहिकजीवनस्य वर्धमानेन तापेन सेवितुं ददति यावत् प्रतिरोधस्य पलायनस्य वा साहसस्य एकः खण्डः अपि न अवशिष्यते विवाहभयस्य अर्थः तस्य तिरस्कारः न भवति समाजः अपेक्षते यत् पतिपत्न्यः अन्तः सर्वथा भग्नाः अपि प्रत्येकं त्यागं, प्रत्येकं कष्टं, प्रत्येकं सम्झौतां च मौनेन सहन्ते। यदा वयं अस्माकं लेखानाम् माध्यमेन वदामः यत् तलाकस्य अपेक्षया विवाहात् भयं कर्तव्यं तदा समीक्षकाः अस्मिन् उत्तेजकविचारेण आतङ्किताः भवन्ति। ते विवाहस्य पवित्रसंस्थायाः दुर्गन्धं कुर्मः वा तस्याः विच्छेदनं कर्तुम् इच्छन्तः वा इति आक्रोशं कुर्वन्ति। परन्तु एतेषां बुद्धिजीवीनां अवगमनस्य आवश्यकता वर्तते यत् विवाहस्य भयात् तस्य बहिष्कारस्य अभिप्रायः न भवति; अपितु ग्रन्थिं बद्धुं पूर्वं सम्यक संवीक्षणस्य वकालतम् करोति-पूर्णजागरूकतायाः, मानसिकस्पष्टतायाः, सामाजिकस्य, पारिवारिकस्य, आर्थिकस्य वा दबावस्य अभावेन च अग्रे गच्छति। यदि विषयः अस्पष्टः एव तिष्ठति तर्हि कतिपयानि उदाहरणानि विचार्यताम्। मार्गं लङ्घयन्ते सति वयं भयं अनुभवामः। किमर्थम् यतः वयं जानीमः यत् वेगेन गच्छन् वाहनम् अस्मान् धावितुं शक्नोति।

## केन्द्रसर्वकारः ई-२० पेट्रोलसम्बद्धानां चिन्तानां सम्बोधनं करोति

# एतत् पूर्णतया सुरक्षितं वैज्ञानिकतया प्रमाणितं च ईंधनम् अस्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली




केन्द्रीयः पेट्रोलियम-प्राकृतिकगैसमन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन इथेनॉल-मिश्रित-इन्धनस्य (ए20) विषये आलोचनाः खण्डितः, यत् ई-20 पेट्रोलम् वैज्ञानिकरूपेण परीक्षितं, सुरक्षितं, अन्तर्राष्ट्रीय-प्रमाणितं च ईंधनम् अस्ति इति। सः आरोपितवान् यत् इथेनॉल-मिश्रित-इन्धनस्य विरुद्धं दुर्सूचनाः प्रसारयितुं अभियानं तीव्रं जातम्, यतः ई ८५ इन्धनेन सह सङ्गतवाहनानां प्रवर्तनं जातम्।

सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र एकस्मिन् पोस्ट् मध्ये मन्त्री अवदत् यत् भारते एप्रिल २०२३ तः ए15 ईंधनस्य उपयोगः, एप्रिल २०२४ तः, ए20 एप्रिल २०२५ तः च प्रचलति। एतादृशस्य व्यापकप्रयोगस्य अभावेऽपि कोऽपि प्रमुखः विषयः न उत्पन्नः। हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत देशे २० कोटिभ्यः (२० कोटिभ्यः) द्विचक्रीयवाहनानि २० लक्षाधिकानि (२० लक्षं) चतुचक्रवाहनानि च कतिपयवर्षेभ्यः ई२०-इन्धने सफलतया प्रचलन्ति। तथापि इथेनॉल-मिश्रणस्य विरुद्धं अभियानं सहसा तीव्रं जातम्। सः दावान् अकरोत् यत् जूनमासस्य ५ दिनाङ्के फ्लेक्स्-इन्धन-वाहनानां कृते ई-८५-इन्धनस्य प्रक्षेपणानन्तरं एतादृशीः आलोचनाः वर्धयितुं आरब्धाः ।सः आयातित-कच्चे तैले भारतस्य निर्भरतां न्यूनीकर्तुं महत्त्वपूर्णं सोपानम् इति वर्णितवान्।

मन्त्री अवदत् यत् यदि कश्चन घटनानां समयं क्रमं च सम्यक अवलोकयति तर्हि प्रतिमानस्य अवहेलना कठिना भवति। इथेनॉल-मिश्रित-इन्धनस्य विषये भयं प्रसारयितुं प्रयत्नाः ए85-सङ्गतवाहनानां प्रवर्तनस्य तत्क्षणात् एव आरब्धाः। हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत् भारतं कच्चे तेलस्य आवश्यकतायाः ८५ प्रतिशताधिकं आयातं करोति तथा च वैश्विकतैलमागधायां प्रायः ३० प्रतिशतं वृद्धिं करोति। अस्मिन् सन्दर्भे वैकल्पिकघरेलुइन्धनस्य उपयोगस्य विस्तारः देशस्य ऊजार्सुरक्षायाः कृते महत्त्वपूर्णः अस्ति। मन्त्री अपि अवदत् यत् पेट्रोले इथेनॉलस्य मिश्रणेन कच्चे तैलस्य आयातः न्यूनीकरोति, भारतस्य ऊजार्सुरक्षा सुदृढा भवति, वायुप्रदूषणं नियन्त्रयितुं साहाय्यं करोति, कृषकाणां आयं वर्धयति, विदेशीयविनिमयस्य रक्षणं च भवति।

केन्द्रीयमन्त्री ए20 इति व्यापकरूपेण परीक्षितं, वैज्ञानिकरूपेण सिद्धं, अन्तर्राष्ट्रीयस्तरं स्वीकृतं, पूर्णतया सुरक्षितं च ईंधनम् इति वर्णितवान्। सः अवदत् यत् इथेनॉल-मिश्रण-कार्यक्रमेण देशस्य कृषकान् केवलं 'खाद्यप्रदातृभ्यः' (अन्नाडाटा) 'ऊर्जा-प्रदातृभ्यः' (ऊर्जा सी) परिणतम्, यतः तेभ्यः आयस्य अतिरिक्तं स्रोतः प्रदत्तः अस्ति सः इदमपि दर्शितवान् यत् पूर्वकाङ्ग्रेससर्वकारस्य कार्यकाले एव इथेनल्-मिश्रणकार्यक्रमः आरब्धः; अतः अधुना तस्य द्रुतविस्तारस्य विरोधः राजनैतिकप्रेरितः इति दृश्यते। हरदीपसिंहपुरी इत्यस्य मते एषः कार्यक्रमः न केवलं भारतस्य आयातितकच्चे तेलस्य उपरि निर्भरतां न्यूनीकरोति अपितु भूराजनीतिकतनावात्, वैश्विककच्चे तेलस्य मूल्येषु उतार-चढावात् च उत्पद्यमानानां जोखिमानां विरुद्धं देशं अधिकं लचीलं करोति।

## अपरपक्षे मोरक्कोदेशः

# अपि द्वितीयवारं क्रमशः विश्वकप-नकआउट-पञ्चं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

मन्यते यत् विश्वकपसदृशे प्रमुखे आयोजने सफलता केवलं तारकक्रीडकानां अपेक्षया सम्पूर्णस्य दलस्य गुणवत्तायाः आधारेण निर्धारिता भवति, अस्मिन् विषये च फ्रान्सदेशः शेषेभ्यः अग्रे दृश्यते।

अपरपक्षे मोरक्कोदेशः अपि द्वितीयवारं क्रमशः विश्वकप-नकआउट-पञ्चं प्राप्य स्वस्य योग्यतां सिद्धं कृतवान् अस्ति। चतुर्वर्षपूर्वं २०२२ तमे वर्षे विश्वकपस्य सेमीफाइनल्-क्रीडायां फ्रान्स्-देशः मोरक्को-देशस्य ऐतिहासिकं धावनं २-० इति स्कोरेन पराजितवान्। अधुना पुनः द्वयोः दलयोः परस्परं सम्मुखीभवति, तस्य पूर्वपराजयस्य स्कोरं निश्चिन्तयितुं लक्ष्यं कृत्वा मोरक्कोदेशः क्षेत्रं गृह्णीयात्। सम्पूर्णे स्पधार्यां आफ्रिका-पक्षेण अनुशासित-रक्षणेन, ध्वनि-रणनीति-रणनीत्या, द्रुत-प्रति-आक्रमणेन च चालितं तारकीयं प्रदर्शनं कृतम् अस्ति फलतः फ्रान्सदेशः तान् न्यूनीकर्तुं न शक्नोति।

फुटबॉलविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एषः मेलः रणनीत्याः धैर्यस्य च कठोरपरीक्षा भविष्यति। फ्रान्स-देशः सम्भवतः कब्जे वर्चस्वं स्थापयितुं लक्ष्यं करिष्यति तथा च स्वस्य गति-विङ्ग-'इत्यस्य उपयोगेन मोरक्को-देशस्य संकुचित-रक्षणस्य उल्लङ्घनस्य प्रयासं करिष्यति। इदानीं मोरक्कोदेशस्य रणनीतिः रक्षात्मकं ठोसतां निर्वाहयितुम् केन्द्रीभवति तथा च यदा यदा अवसरः प्राप्यते तदा शीघ्रं प्रतिआक्रमणं प्रारभ्यते। उभयदलेषु एतादृशाः खिलाडयः सन्ति ये विमानद्वन्द्वयुद्धेषु उत्कृष्टतां प्राप्नुवन्ति, अर्थात् सेट्-पीस्-यथा कोणाः, फ्री-किक च-क्रीडायाः गतिं परिवर्तयितुं निर्णायकं सिद्धं भवितुम् अर्हन्ति फ्रान्सदेशस्य आशा पुनः एकवारं तारा-स्ट्राइकर-काइलियन-म्बाप्पे-इत्यस्य उपरि भविष्यति, यः वैश्विकरूपेण स्वस्य फोडा-गति-गोल-प्रहार-पराक्रमेण च प्रसिद्धः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : सफलता भी मिल सकती है। नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। घर में माहौल सामान्य रहेगा।

**वृषभ** : कारोबार करने वालों को नया ग्राहक मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मिथुन** : नौकरी और कारोबार दोनों में दिन ठीक रहेगा। घर के बड़े लोगों की सलाह मानें। पैसों के मामले में जल्दबाजी से बचें।

**कर्क** : परिवार के किसी सदस्य का सहयोग मिलेगा। बेवजह की बहस से दूर रहें। खानपान का ध्यान रखें।

**सिंह** : नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। कारोबार में भी अच्छी खबर मिल सकती है।

**कन्या** : पैसों के मामले में संतुलन बनाए रखें। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। आराम के लिए भी समय निकालें।

**तुला** : खर्च पर थोड़ा ध्यान दें। नौकरी और कारोबार में स्थिति पहले जैसी बनी रहेगी। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** : नौकरी में आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है। घर में किसी शुभ काम की चर्चा हो सकती है।

**धनु** : कारोबार में सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे फायदा देगा। शाम तक कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

**मकर** : आज जल्दबाजी करने से बचें। कारोबार में पुराने संपर्क फायदा पहुंचा सकते हैं। परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

**कुंभ** : नौकरी और कारोबार में अच्छे मौके मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा।

**मीन** : कारोबार में लाभ के संकेत हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। दिन के अंत में कोई सुखद खबर मिल सकती है।


## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य का पुष्य नक्षत्र में गोचर, 20 जुलाई से इन 4 राशियों को कार्यक्षेत्र में होगा लाभ

वैदिक ज्योतिष में पुष्य नक्षत्र को अत्यंत शुभ, फलदायी और समृद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश व्यक्ति के करियर, प्रतिष्ठा और आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल और उनका नक्षत्र परिवर्तन जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। 20 जुलाई को सूर्य देव पुनर्वसु नक्षत्र से निकलकर शनि के स्वामित्व वाले पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। यह स्थिति 3 अगस्त तक बनी रहेगी, जिसके बाद सूर्य अश्लेषा नक्षत्र में गोचर करेंगे। वैदिक ज्योतिष में पुष्य नक्षत्र को अत्यंत शुभ, फलदायी और समृद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश व्यक्ति के करियर, प्रतिष्ठा और आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

हालांकि सूर्य का यह परिवर्तन सभी राशियों को किसी न किसी रूप में प्रभावित करेगा, लेकिन चार राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।



**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए यह नक्षत्र परिवर्तन बेहद अनुकूल संकेत दे रहा है। लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और करियर में प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं और वेतन वृद्धि की भी संभावना बन रही है। इस दौरान कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। साथ ही, प्रतिष्ठित कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के भी योग बन सकते हैं।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए यह गोचर कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपके काम की सराहना होगी और वरिष्ठ अधिकारी आपसे प्रभावित रहेंगे। आपको नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और आय के नए स्त्रोत भी खुल सकते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय उन्नति और सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है, जिससे आपकी पहचान मजबूत होगी। समाज और ऑफिस दोनों जगह आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यदि आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, तो यह समय अनुकूल है और आपको मनचाही नौकरी मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए सूर्य का यह गोचर भाग्य को मजबूत करने वाला साबित हो सकता है। लंबे समय से रुके कार्य पूरे होंगे और आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। यदि आपने कोई कर्ज लिया हुआ है, तो उससे छुटकारा मिलने के संकेत हैं। साथ ही, वाहन या संपत्ति सुख की प्राप्ति भी संभव है। स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिल सकता है और करियर में आगे बढ़ने के कई अवसर प्राप्त होंगे।

## गंभीर के दो भरोसेमंद कोच हट सकते हैं, फील्डिंग कोच दिलीप पर भी दबाव

# इंग्लैंड दौरे के बाद भारत का कोचिंग स्टाफ बदलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो टी-20 सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में बदलाव हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल टीम से बाहर हो सकते हैं। दोनों का मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद खत्म हो रहा है।

लगातार खराब प्रदर्शन के बाद इउउकटीम और सपोर्ट स्टाफ का रिव्यू करेगा। टीम की खराब फील्डिंग भी बोर्ड की चिंता बढ़ा रही है। भारत ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर 10 से ज्यादा कैच छोड़े। ऐसे में फील्डिंग कोच टी. दिलीप को भी हटाया जा सकता है। पिछले साल उन्हें अभिषेक नायर के साथ टीम से बाहर किया गया था, लेकिन बाद में दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### गंभीर ने खुद चुने थे दोनों कोच

रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल को गौतम गंभीर ने जुलाई 2024 में हेड कोच बनने के बाद अपने सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया था। इससे पहले बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर की जगह सितांशु कोटक को जिम्मेदारी दी जा चुकी है। अब इंग्लैंड दौरे के बाद गंभीर के सपोर्ट स्टाफ में एक और बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है।




### बालाजी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

अगर रेयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल सपोर्ट स्टाफ से बाहर होते हैं, तो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नए फास्ट बॉलिंग कोच लक्ष्मीपति बालाजी को श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ भेजा जा सकता है। भारत अगस्त की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। वहीं, जुलाई के आखिर में जिम्बाब्वे दौरे पर होने वाली टी-20 सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण सीओई के कोचिंग स्टाफ के साथ टीम इंडिया की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### रयान लगातार ट्रैवल से खुश नहीं

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रयान टेन डोशेट पूरे साल भारतीय टीम के साथ लगातार यात्रा करने से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने अपनी यह बात बीसीसीआई के सामने भी रखी है। साथ ही उनके किसी क्व्छ फ्रेंचाइजी से जुड़ने की चर्चा है। वहीं, मोर्ने मोर्कल भी दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

### गंभीर ने बतौर कोच 2 आईसीसी ट्रॉफी जीती

गौतम गंभीर की कोचिंग में वनडे और टी-20 में भारत का प्रदर्शन शानदार, जबकि टेस्ट में निराशाजनक रहा है। वनडे में भारत ने 23 में से 16 मैच जीते और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम कीं। टी-20 में टीम ने 53 में 37 मैच जीते, एशिया कप 2025 और टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीता। हालांकि, इसके बाद भारत पहली बार आयरलैंड (2-0) और इंग्लैंड (4-0) से टी-20 सीरीज हार गया। वहीं टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा। टीम ने 18 में सिर्फ 6 टेस्ट जीते, जबकि न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका से घरेलू सीरीज गंवाई और 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी हार गई।

### 12 साल बाद इंग्लैंड ने भारत को हराया

2014 के बाद पहली बार इंग्लैंड ने भारत को टी-20 सीरीज में हराया। दोनों टीमों के बीच अब तक 10 सीरीज खेली गईं, जिनमें भारत ने 5 और इंग्लैंड ने 4 जीतीं। एक सीरीज ड्रॉ रही थी।

### पहली बार आयरलैंड से भी हारे

इंग्लैंड से पहले आयरलैंड के खिलाफ भी 2 टी-20 मैचों की सीरीज में भारत को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय टीम को 2023 के बाद किसी टी-20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। 2023 में वेस्टइंडीज ने 3-2 से हराया था।

## 21 साल की लिंडा नोस्कोवा बनीं विंबलडन चैंपियन



ब्रह्मास्त्र ›› इंग्लैंड

चेक रिपब्लिक की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने विंबलडन 2026 का विमेंस सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल मुकाबले में नौवीं सीड नोस्कोवा ने अपनी ही हमवतन और पेरिस ओलिंपिक की डबल्स पार्टनर कैरोलीना मुहोवा को 6-2, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी। विंबलडन के इतिहास में यह पहली बार था जब दो चेक खिलाड़ियों के बीच फाइनल मैच खेला गया। इस जीत के साथ ही नोस्कोवा को करीब 38.5 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली और वे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 7वीं रैंकिंग पर पहुंच जाएंगी। लिंडा नोस्कोवा पिछले चार सालों में विंबलडन महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली तीसरी चेक खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले मार्केटा वोंद्रोसोवा ने 2023 और बारबोरा क्रेजिकोवा ने 2024 में यह खिताब जीता था।

# इंग्लैंड ने बैजबॉल की शुरूआत करने वाले मैकुलम को हटाया



ब्रह्मास्त्र ›› लंदन

बैजबॉल की शुरूआत करने वाले ब्रेंडन मैकुलम को इंग्लैंड के टेस्ट कोच पद से हटा दिया गया है। उनकी कोचिंग में इंग्लिश टीम को आखरी 9 में से 7 मैचों में हार मिली थी। रविवार को इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया की एशेज से पहले टीम में बदलाव करने का सही समय है। हालांकि मैकुलम इंग्लैंड की व्हाइट बॉल कोच बने रहेंगे। दो हफ्ते पहले ही न्यूजीलैंड से घर पर 2-1 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके साथ ही चार साल से चला आ रहा वह दौर खत्म हो गया, जिसे दुनिया ₹बैजबॉलर₹ के नाम से जानती है।

**:उनकी कोचिंग में आखिरी 9 में से 7 टेस्ट हारे; स्टोक्स भी संन्यास ले चुके**

**मैकुलम ने कहा- फैसले का सम्मान करता हूं-** मैकुलम ने अपने बयान में कहा, मैंने टेस्ट टीम को कोच करना बेहद पसंद किया। जो हमने साथ मिलकर हासिल किया, उस पर मुझे गर्व है। यह पद छोड़ना दुखद है, लेकिन मैं फैसले का सम्मान करता हूं। अब मेरा पूरा फोकस वाइट-बॉल टीमों पर रहेगा। मैकुलम ने 2022 में स्टोक्स के कप्तान बनने के साथ ही टेस्ट कोच का पद संभाला था। शुरूआत उनकी शानदार रही, लेकिन अंत उतना ही निराशाजनकर रहा। उन्होंने शुरूआती 11 मैचों में 10 मुकाबले जीते, लेकिन आखिरी 9 टेस्ट में 7 में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपनी कोचिंग में 27 मैच जीते, 20 में हार मिली और 2 मुकाबले ड्रॉ रहे।

## खबर एक नजर...

### बहन पर हमला किया तो भाई ने जीजा का मारा चाकू

**उज्जैन।** देसाईनगर में शनिवार-रविवार रात पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। पति ने ईंट हमलाकर पत्नी को घायल कर दिया। पति ने आरोप लगाया कि उस पर साले ने चाकू से वार किया है। चरक अस्पताल में भर्ती पत्नी रीना ने बताया कि उसने पांच साल पहले प्रेम विवाह किया था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर वह सालभर पहले बच्चों के साथ मायके देसाईनगर रहने आ गई थी। रात में पति बच्चों से मिलने के बहाने आया और विवाद कर ईंट से हमला किया। पति भरत जाटवा निवासी अशोकनगर भी अस्पताल में भर्ती है। उसका कहना कि वह हार-फूल की दुकान पर काम करता है। ससुराल बच्चों से मिलने गया था, जहां पत्नी ने विवाद किया और उसके भाई राजेन्द्र ने चाकू से वार कर दिया। पति के आरोप पर पत्नी का कहना था कि पति ने खुद को पैर में चाकू मारा है। उसने माता-पिता और भाई के साथ भी मारपीट की है। मामले में पति-पत्नी के विवाद की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पड़ोसी ने 90 साल की बुजुर्ग के सिर पर मारा डंडा

**उज्जैन।** महिदपुर से 90 साल की बुजुर्ग सीताबाई पति लक्ष्मीनारायण को शनिवार रात उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। बुजुर्ग महिला के परिजनों ने बताया कि सीताबाई के पोते का 10 वर्षीय बालक हर्षित शाम को घर के बाहर खेल रहा था। उसे पड़ोस में रहने वाला डंडे से मारपीट करने लगा। सीताबाई घर के बाहर बैठी थी, उन्होने धीरज को मारपीट करते देखा तो हर्षित का बचाने पहुंची। उसी दौरान धीरज ने डंडे से सिर पर वार कर दिये। परिजनों का कहना था कि मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई है। सीनियर सिटीजन के साथ मारपीट का दूसरा मामला नागझिरी थाना क्षेत्र की संत हिरदाराम कालोनी में कृष्ण कुमार पिता गंगास्वामी नायडू 65 साल के साथ हुआ। पडोसी ने पुराने विवाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वृद्ध कृष्णकुमार की शिकायत पर पडोसी के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### विवाद होने पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंचकुआ क्षेत्र में रहने वाली सुहाना पिता शाहिद 18 साल को शनिवार रात चरक अस्पताल में भर्ती कराया। युवती का आरोप था कि वह मां के साथ किराये कैलाश के मकान में रहती है। घर से कुछ दूरी पर भाई किराये से रहता है। रात में वह भाई के घर जा रही थी, गली में कैलाश अपने साथी बाबू और मनोज के साथ शराब पी रहा था। बाबू ने अकेला पाकर उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। मामले में पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि युवती के आरोप की जांच जारी है, लेकिन घटनाक्रम लेनदेन की बात पर विवाद होना सामने आ रहा है। छेड़छाड़ और हाथ पकड़ने का मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर ट्राला संचालक ने किया सुसाइड

**उज्जैन।** तराना में रहने वाले ट्राला संचालक दिनेश पिता नानूराम ठाकुर ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात में उसकी मौत होने पर माधवनगर थान पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि दिनेश के पास 2 ट्राले थे। 6 माह पहले तीसरा ट्राला भी फायनेंस करा लिया था। जिसकी किश्त नहीं भर पाने पर उसने आगर के रहने वाले जीवनसिंह से सौदा कर दिया था। लेकिन नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया नहीं हुई थी। जीवनसिंह भी फायनेंस की किश्त नहीं भर रहा था। जिसके चलते फायनेंस वाले किश्त जमा करने के दबाव दिनेश पर बना रहे थे। जिसके चलते वह तनाव में चल रहा था। माधवनगर थाना पुलिस को कहना था कि मामला तराना थाना क्षेत्र का है, मर्ग डायरी संबंधित पुलिस को भेजी जायेगी।

### बीमारी से मृत कवि का रहवासियों ने किया अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मोहननगर में धर्मेन्द्र शर्मा के मकान में किराये से रहने वाले 72 वर्षीय प्रीतम पिता गजरासिंह ठाकुर कवि थे और सालों से अकेले रहते थे। उनका दोस्त रमेश ठाकुर उनके भोजन का प्रबंध करता था। कवि प्रीतम काफी समय से बीमार चल रहे थे, उन्है कैंसर भी हो गया था। शनिवार रात दोस्त रमेश उनका भोजन लेकर पहुंचा तो प्रीतम बेसुध हालत में पड़े मिले। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रमेश ठाकुर ने बताया कि परिवार को कोई नहीं था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौत बीमारी की वजह से हुई थी, बावजूद पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद रहवासियों और पड़ोसियों के साथ मिलकर उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

### नमकीन नहीं लाने पर मिली जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** मंदसौर के सुवासरा में रहने वाला सचिन पिता सुहानसिंह पारदी 26 साल अपने ससुराल ग्राम ऊटेसरा भैरवगढ़ आया था। रात में मौसी के पुत्र काली के साथ गरोठ मार्ग पर शराब पीने पहुंचा। जहां कुछ युवक भी नशा कर रहे थे, उन्होने सचिन से पास की दुकान से नमकीन लाने को कहा। सचिन ने मना किया तो युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने सचिन की शिकायत पर धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

4 5 8

ज्वाईंट डिसनरेटिव डिसिस से ग्रस्त श्यामू हाथी नहीं होगा सवारी में शामिल

# जांच के बाद तय होगा किस हथनी का उपयोग सवारी में होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास की सवारी 3 अगस्त से निकाली जाएगी। 10 अगस्त की दुसरी सवारी में भगवान श्री मनमहेश को हाथी पर सवार कर निकाला जाता है। इस वर्ष की सवारी में हाथी श्यामू (हथिनी) का शामिल होना संदिग्ध बन गया है। डाक्टरों के अनुसार वह ज्वाईट डिसनरेटिव डिसिस से ग्रस्त है। इसकी रिपोर्ट वन विभाग ने हाई पावर कमेटी को सौंप दी है। हथिनी श्यामू को एक माह पूरी तरह आराम पर रखा गया था।

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में हाथी की परंपरा रही है। दूसरी सवारी में हाथी शामिल किया जाता है। सन1980 से पहले भी वैष्णव अखाडों के हाथी महाकाल की सवारी में शामिल होते रहे। 1980 से यह जिम्मेदारी संत टाईगर गिरी की रामू हथिनी ने संभाली। लगभग 35 वर्षों तक रामू ने जिम्मेदारी से भूमिका का निर्वहन किया और आम श्रद्धालुओं





में काफी चहेती रही। वर्ष 2016 में 75 वर्ष की आयु तक लगातार सवारी का हिस्सा बनी रही। बाद में पैरों की बीमारी के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। इसके बाद संत नगर निवासी शरमन गिरी की हथिनी श्यामू को सवारी में शामिल किया गया। पिछले करीब 10 वर्षों से सवारी में शामिल हो रही मादा श्यामू हथिनी को ज्वाईंट डिसनरेटिव डिसिस ने घेर रखा है। मादा हथिनी श्यामू का पूरा मामला वाइल्ड लाईफ की हाईपावर कमेटी के पास पहुंच चुका है। हथिनी को पिछले पांव में ज्वाइंट गेप हो रहा है जिससे उसके पैर मुडने लगे हैं। बकौल एसडीओ वन विक्रमसिंह सोलंकी पशु चिकित्सकों ने हाथी की जांच की थी। जांच रिपोर्ट हाईपावर कमेटी को प्रस्तुत की जा चुकी है।

#### स्वास्थ्य परीक्षण से होगा चयन

भगवान श्री महाकालेश्वर की 10 अगस्त से निकलने वाली दुसरी सवारी से राजसी सवारी तक कुल 5 सवारी में इस बार हाथी को शामिल होना रहेगा। ऐसे में शहर में चार अन्य हथनियों में से किसी का चयन वन विभाग को करने की जिम्मेदारी निभाना होगी। इसके पूर्व इन हथनियों का स्वास्थ्य परिक्षण करवाते हुए भीड में उनके चलने की स्थिति को भी विभाग को ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही हाथी पर लगाए जाने वाली पालकी और अन्य साजो सामान का वजन ढोने की स्थिति भी देखना होगी। बकौल एसडीओ श्री सोलंकी अधिकारिक स्तर पर उपर से निर्देश मिलते ही इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अभी मंदिर समिति की और से हाथी को लेकर पत्र आया हो मेरी जानकारी में नहीं है। चयन में स्वास्थ्य की जांच के साथ फिटनेस को देखा जाएगा।

#### शहर में चार अन्य हथिनी

शहर में शरमन गिरी की श्यामू हथिनी के अलावा अन्य चार हथनियां भी हैं। जो बहुत कम ही बाजारों में देखने में आती हैं। शहर में रामजीदास पाण्डे के पास मालती नामक, श्री राम मंदिर निमोर्ही अखाडा महंत महेश दास के पास सुमा नामक एवं विजय लक्ष्मी और फसील नामक दो अन्य हथनियां भी श्री राम मंदिर निमोर्ही अखाडा के पास है।

## 2 चचेरे भाईयों के साथ ट्रैक्टर पर सवार युवक की गिरने से हुई मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ट्रेक्टर पर 2 चचेरे भाईयों के साथ सवार युवक संतुलन बिगड़ने पर गिर गया। उसे गंभीर चोंट लगी, दोनों भाई उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

नागदा के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाले अर्जुन वरतिया और सचिन बोडाना ने बताया कि वह मजदूरी का काम करते है। रविवार दोपहर में जूना नागदा से विक्रम डेलवाल की ट्रेक्टर-ट्राली में ईंट भरकर उन्हेल आ रहे थे। उनका चचेरा भाई नितेश पिता परमेश्वर वरतिया पहली बार मजदूरी के लिये साथ आ रहा था। उन्हेल के ग्राम गरुखेड़ी में ईंट खाली करना थी। इस दौरान उन्हेल फंटा पर नितेश के मोबाइल पर घर वालों का कॉल आया, उसने जेब से मोबाइल निकाला और बात करने लगा, उसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर चलते ट्रेक्टर से गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोंट लगी थी। तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया लेकिन आधा घंटा देरी से पहुंची एम्बुलेंस से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही नितेश के पिता भी उज्जैन पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि नितेश 12 वीं तक पढ़ा था। उसका एक भाई ओर है। नितेश की मौत होने पर अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

#### घायल मिस्त्री ने निजी अस्पताल में मौत

सड़क हादसे का एक मामला शनिवार-रविवार रात हुआ। इंगोरिया के ग्राम बलेड़ी में रहने वाला कमल पिता हेमराज चौहान 39 साल बाइक से उज्जैन आ रहा था। बड़नगर मार्ग ग्राम चिकली में उसे अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। घायल होने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां से परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गये। उपचार के दौरान उसकी रविवार तड़के मौत हो गई। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि कमल मिस्त्री का काम करता था और 3 बच्चों का पिता था।

## गऊघाट पर क्षिप्रा नदी में डूबा ग्वालियर का युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



आश्रम जाने के लिये रविवार को उज्जैन पहुंचा ग्वालियर का युवक दोपहर में 2 दोस्तों के साथ क्षिप्रा नदी में नहाने के लिये गऊघाट पहुंच गया। नहाते समय गहराई में जाने पर डूब गया। दोस्तों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग के लिये पहुंची। कुछ घंटे बाद युवक का शव बाहर निकाल लिया गया।

नीलगंगा थाना एएसआई आदेश त्यागी ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के लगभग खबर मिली थी कि गऊघाट स्थित क्षिप्रा नदी में एक युवक डूब गया है। उसकी तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई। 15 मिनट बाद टीम के पहुंचने पर सर्चिंग शुरू की गई। एक घंटे बाद ढाई बजे के लगभग युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक ग्वालियर स्थित मुरैना के बसई का रहने वाला अंकुश पिता अशोक शर्मा 19 साल है। वह दोस्त आदर्श कटारे और कान्हा शर्मा के साथ नहाने के लिये पहुंचा था। दोस्त आदर्श ने बताया कि अंकुश उजरखेड़ा स्थित दंदरौआ आश्रम में वेद विद्या का अध्ययन करता था। वह कुछ माह पहले आश्रम से अपने घर लौट गया था। सुबह ही ग्वालियर से लौटा था और उसके किराये के मकान जयसिंहपुरा आया था। उसने शाम को आश्रम जाने की बात कहीं और क्षिप्रा नदी में नहाने के लिये आ गया। एएसआई त्यागी के अनुसार मामले की सूचना परिजनों को दी गई है। उज्जैन में रहने वाले अंकल गऊघाट पहुंच गये थे। परिवार सोमवार सुबह तक उज्जैन पहुंचेगा। उसके बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि अंकुश के पिता खेती का काम करते है। वह तीन बहनों का एक भाई था।

## मुनि प्रणीत सागर महाराज का मंगल प्रवेश, चातुर्मास सिखाएगा जीवन का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज का चातुर्मास 2026 के लिए शहर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सुबह 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह प्रमुख मार्गों से होते हुए सेठी नगर-लक्ष्मी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। यहां धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि यह चातुर्मास हमें सिखाएगा कि हमारा लक्ष्य क्या है और देव, शास्त्र, गुरु की आराधना कैसे करनी है। मैं भगवान आत्मा हूं और भविष्य का परमात्मा हूं। इस भगवान आत्मा को परमात्मा कैसे बनाएं, यही हमें सीखना है। यदि मनुष्य धर्म अनुष्ठान को साध्य रूप से स्वीकारता है, तो वहीं से उसके जीवन की सार्थकता है और वही परमात्मा बन सकता है। मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि चल समारोह में सबसे आगे बच्चे घोड़े पर धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। पीछे बैंड-बाजे और केसरिया वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थीं।

## सिंहस्थ महाकुंभ में विशेष कैंप लगाएगा नार्मदीय ब्राह्मण समाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की पहली कार्यकारिणी बैठक महानंदा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए समाजजनों ने उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में समाज का एक विशेष कैंप लगाने का संकल्प लिया।

बैठक में महासभा के अध्यक्ष राजेश बड़ोले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। इस अवसर पर इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महासभा के महामंत्री मुकेश शर्मा, पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष जेपी शर्मा और महासभा के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष सुभाष महोदय प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## ट्रेन की चपेट में आये युवक की नहीं बची जान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर लाइन 2 पर रविवार दोपहर युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। आरपीएफ ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। युवक के साथ हादसा हुआ या फिर उसने खुद अपनी जान दी, जीआरपी इसकी जांच कर रही है।

स्टेशन मास्टर ने दोपहर 3 बजे के लगभग आरपीएफ को सूचना देकर बताया कि प्लेटफार्म नम्बर 1 लाइन 2 पर चलती गाड़ी के सामने आने से एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुआ है। एएसआई शिवसिंह बघेल टीम के साथ रेलवे लाइन पर पहुंचे और गंभीर घायल हो चुके युवक को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पूछताछ करने पर उस नाम अजय पिता कैलाश 19 वर्ष निवासी खंडवा होना सामने आया। डॉक्टरों ने उसे उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन खून अधिक बहने और कमर के नीचे का हिस्सा कटने पर शाम को उसकी मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम किया गया है। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों के आने पर मृतक के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। जांच के बाद ही पता चलेगा कि उसके साथ हादसा हुआ है या फिर उसने ट्रेन के नीचे आकर आतमहत्या की है।

पुलिसकर्मी बन वृद्धा और बैंक मैनेजर से दिया था झांसा

## मुम्बई जेल में बंद मिला आभूषण ठगने वाला ईरानी बदमाश, पुलिस उज्जैन लाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सालभर पहले पुलिसकर्मी बनकर सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर और संत्सग में जा रही वृद्धा को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले बदमाश को पुलिस मुम्बई जेल से लेकर आई है। उसके साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को सुबह के समय रोक लिया था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर कहा था कि आगे चेन स्नेचिंग हो गई है। अपने आभूषण उतारकर रख लो। गुप्ता उनकी बातों में आ गये थे और गले में पहनी सोने की चेन, पेंडल, हाथों में पहनी तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार दिया। दोनों ने उनके आभूषणों को कागज की पुडिया बांधकर वापस दिया था। लेकिन कुछ देर बाद पुड़िया में आभूषण नहीं मिले थे। एक घंटे बाद बदमाशों ने नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के काला पत्थर स्थित बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष को आगे लूट होना और खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनके सोने के कंगन और चेन उतारकर पर्स में रखने की बात कहीं थी और गायब कर दी थी। आशा अडवानी सत्संग में जाने के लिये कालापत्थर पर परिवहन वाहन का इंतजार कर रही थी।

नानाखेड़ा पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया था और आशंका जताई गई थी वारदात को ईरानी गैंग के बदमाशों ने अंजाम दिया है। सालभर बाद खबर सामने आई कि मुम्बई पुलिस ने लूट के मामले में ईरानी बदमाश हुसैनी पिता सैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी इरंग नगर खड़कपाडा मुंबई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में उज्जैन में पुलिसकर्मी बनकर की गई ठगी का खुलासा हुआ है। नानाखेड़ा थाना पुलिस की टीम मुम्बई पहुंची और बदमाश को प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाया गया। जिसे रिमांड पर लिया गया है। बदमाश के साथियों की जानकारी जुटाने के साथ ठगे गये आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

नानाखेड़ा-नीलगंगा में वारदात, इंदौर की ओर भागे बदमाश

## मोबाइल चोरी के बाद क्रेटा कार चोरों की दस्तक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



करोड़ों के मोबाइल चोरी की वारदात के बाद बदमाशों ने शनिवार-रविवार नीलगंगा और नानाखेड़ा थाना क्षेत्र से लाखों रुपए कीमत की 2 क्रेटा कार चोरी कर ली। चुराई कारे इंदौर की ओर जाती दिखाई दी है। पुलिस कैमरों की मदद से बदमाशों का पता लगाने के प्रयास में लगी है।

बताया जा रहा है कि रात में कार चोरी करने वाले बदमाशों ने सबसे पहले नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में रहने वाले पटवारी त्रिलोकचंद यहां दस्तक दी। उनके घर के बाहर खड़ी क्रेटा कार को चंद मिनट में चोरी करने के बाद बदमाश नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर पहुंचे। जहां जयश्री होटल में ठहरे आशीष कुमार सोनी की क्रेटा कार को चोरी कर लिया। सोनी परिवार धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। रविवार सुबह 2 थाना क्षेत्र से एक की कंपनी की 2 कारे चोरी होने पर दोनों थाना पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये निकल पड़ी। कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये गये। इस दौरान सामने आया कि बसंत बिहार से चुराई कार से बदमाश सुभाषनगर तक पहुंचे थे, उसके बाद 2 बदमाशों ने दूसरी कार चोरी की ओर इंदौररोड की ओर निकल गये। पुलिस इंदौर जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी है। विदित हो कि एक दिन पहले शुक्रवार-शनिवार रात को माधवनगर थाना क्षेत्र में कार से आये बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों का शटर उचकाने के बाद करोड़ों के मोबाइल चोरी कर लिये थे।

#### गरोठ ब्रिज से भागे मोबाइल चुराने वाले

करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही माधवनगर पुलिस को बदमाशों के देवासरोड नागझिरी तक भागने के फुटेज मिले थे। उसके बाद बदमाश कैमरों में दिखाई नहीं दिये। सूत्र बता रहे है कि बदमाशों ने देवासरोड से गरोठ ब्रिज पकड़ा और भागे है। बावजूद पुलिस की टीम देवास तक कैमरों के फुटेज खंगालने पहुंची। पुलिस उनकी कार का नम्बर ट्रेस कर रही है। सूत्रों का कहना है कि कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर बदमाशों तक पहुंचने के प्रयास जारी है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com